इस जगत में एक से एक बढ़कर अभिमानी है। किसी को अपनी जाति-कुल का अभिमान है, तो किसी को बल का; किसी को अपने रूप पर गर्व है, तो कोई अपने धन-वैभव पर इतराता है; कोई अपनी तपस्या का घमण्ड करता है तो किसी को अपनी उपलब्धियों पर नाज है; किसी को अपने ज्ञान का गर्व है, तो किसी को अपनी बुद्धि का मद है। ये सब अभिमानी या अहंकारी अपने पास जो भी शक्ति या उपलब्धि है, उसका मूल्यांकन अधिकाधिक करते हैं, परन्तु उनसे जब कोई सवाया मिलता है, तो उनका गर्व या अहंकार एक क्षण में चूर-चूर हो जाता है। अभिमानी प्रायः अपना नापतौल अधिक आंकता है, जबकि दुनिया के बुद्धिमानों की दृष्टि में वह कुछ नहीं है, नगण्य है, तुच्छ है। वास्तव में अभिमानी उस महागज पर बैठा हुआ है, जो अपनी आँखों से अपने से ऊपर के व्यक्ति को देख नहीं पाता, अपने कानों से अपने से अधिक गुणी के विषय में सुन नहीं पाता, अपने शरीर से अधिक बलिष्ठ एवं पुष्ठ शरीर की गणना नहीं कर पाता। वास्तव में ऐसा व्यक्ति अपने आपको सदैव उत्कृष्ट, ऊँचा, श्रेष्ठ, उत्तम और उन्नत मानता है और दूसरों को निकृष्ट, नीचा, कनिष्ठ, अधम और अवनत् समझता है। यह गर्व स्फीत, मदगर्भित दृष्टि ही अभिमानी की दृष्टि है। वास्तव में यही मनुष्य की सबसे घातक कमजोरी है कि वह अपने न कुछ जीवन को बहुत कुछ समझता है। अहंकारी अपने अहं को, अपने आपको या अपनी मानी हुई वस्तु को अधिक महत्व देता है, अपनी या अपनी मानी हुई चीजों की प्रशंसा स्वयं करता है। वह बात-बात में अतिशयोक्ति करता है, अपनी हर चीज की बड़ाई करता है, अपनी शेखी बघारता है, अपने आचार-व्यवहार की डींगें हांकता है, अपने और अपनों के ही गौरवगान करता है, अपने स्वार्थ या स्वत्त्व को सबसे अधिक तूल देता है, अपने देश, प्रांत जाति, कुल, बल, रूप, परिवार आदि की बढ़चढ़ कर गुणगाथा गाता है, अपनी ही बात को मनवाने का प्रयत्न करता है, अपनी आज्ञा को सर्वोपरि और अन्तिम समझता है, अपने ही माने हुए सत्य को सत्य समझता है, किसी की सफलता का श्रेय स्वयं ही ले लेता है, दूसरे किन्हीं सहायकों या सहयोगियों को श्रेय नहीं देता, यहाँ तक कि ईश्वर को सृष्टिकर्ता मानने वाला व्यक्ति भी जगत में जो भी अच्छे काम हुए हैं या होते हैं, उनका श्रेय स्वयं लेता है, अहंकृत्व से प्रेरित होकर ऐसा व्यक्ति अच्छे कामों का कर्ता अपने आपको मानता है। एक कवि ऐसे अभिमानियों के मानस का चित्रण करता है।

निष्कर्ष यह है कि अहंकारी व्यक्ति सदैव अपनी नाक ऊँची रखने या अपनी टांग ऊँची रखने का प्रयत्न करता है, वह समाज में, जाति में, धर्म-सम्प्रदाय में, राष्ट्र और प्रान्त में सबसे अपना लोहा मनवाना चाहता है। मतलब यह है कि वह 'अधजल गगरी छलकत जाय' ❖❖

न्यायोपार्जित अन्न अमृत तुल्य

- युवाचार्य प्रवर पूज्य श्री महेन्द्रऋषि जी म.सा.

एक बार गुरु नानक किसी गांव में पधारे। उनके वहां पहुँचते ही गाँव के व्यक्ति प्रसन्नता से भर गए। अनेक व्यक्ति अपने-अपने घर से गुरु नानक के लिये नाना प्रकार के उत्तमोत्तम खाद्य पदार्थ बनवाकर लाये। उन लोगों में गाँव का जमींदार भी था जो अत्यंत स्वादिष्ट और मधुर पकवान बनवाकर लाया था।

किन्तु गुरु नानक ने जमींदार की एक भी वस्तु को ग्रहण नहीं किया। उन्होंने एक निर्धन लुहार की लाई हुई बिना चुपड़ी मोटी रोटी नमक के साथ खाई।

जमींदार को अपने लाये हुये भोजन की उपेक्षा देखकर बड़ा क्षोभ हुआ। उसने नानक जी से पूछा-

"महात्मा जी! क्या कारण है कि आपने मेरे द्वारा लाए हुए पकवानों को तो छुआ भी नहीं और इस लुहार की सूखी रोटी को खाया?"

गुरु नानक ने मुँह से कोई उत्तर नहीं दिया। उन्होंने लुहार की रोटी में से बचा हुआ एक टुकड़ा उठाया और उसे दोनों हाथों में दबाया। रोटी दबाते ही सब ने आश्चर्य से देखा कि रोटी में से दूध की बूँदें टपक रही है।

उसके पश्चात् नानक जी ने जमींदार के लाये हुए पकवानों में से एक मिठाई का टुकड़ा उठाया और उसे भी अपने हाथों से दबाया। देखने वाले व्यक्ति और भी चमत्कृत हुए. जब उन्होंने देखा कि मिठाई में से खून की बूंदे झर रही हैं।

अब गुरु नानक जी ने जमींदार को संबोधित करते हुये कहा "देखो भाई! इस लुहार ने अपना पैसा बड़ी मेहनत से तथा बड़े पवित्र विचारों के साथ कमाया है अतः इसका अन्न पवित्र है। इसे खाने से मेरी बुद्धि निर्मल रहेगी। किन्तु तुम्हारा पैसा दूसरों को सताकर तथा उनका पेट काटकर अनीति से कमाया गया है। अतः उससे तैयार किया हुआ अन्न दूषित होता है। इसे खाने पर मुझे अपनी बुद्धि और विचारों के दूषित होने का भय था अतएव मैंने नहीं खाया। अपवित्र और दूषित अन्न से पापवृत्तियाँ पनपती हैं।

जमींदार यह सुनकर बड़ा लज्जित हुआ।

उसने गुरु नानकदेव को प्रणाम किया और प्रतिज्ञा की कि वह भविष्य में न्याय नीतिपूर्वक अर्थोपार्जन करेगा।

अन्याय और अनीतिपूर्वक अर्जित किये धन से निष्पन्न अन्न रक्त-तुल्य है। न्याय-नीति से अर्जित धन से निष्पन्न रूखा सूखा अन्न भी अमृत के समान है। ❖❖

बच्चों के लिए शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण है ?

जब हम पूछते हैं, 'बच्चों के लिए शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण है?' तो जवाब काफी सीधा-सादा लगता है। हालांकि, बाल शिक्षा के दूरगामी प्रभाव कक्षा में दी जाने वाली शिक्षा से कहीं अधिक होते हैं। आइए विस्तार से समझते हैं कि शिक्षा बच्चे के जीवन को किस प्रकार गहराई से प्रभावित करती है:-

सशक्तिकरण और आत्मविश्वास : शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, जो सशक्तिकरण का स्रोत है। शिक्षित बच्चा उच्च आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के साथ बड़ा होता है, जिससे वह जीवन की चुनौतियों का सामना दृढ़ता से कर पाता है। सीखने को प्रोत्साहित करके, हम बच्चों में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना विकसित करने में मदद करते हैं, जो उनके जीवन भर उनके साथ रहती है।

आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान : शिक्षा बच्चों को आलोचनात्मक रूप से सोचने और समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है। आज की दुनिया में, जहां नवाचार और अनुकूलनशीलता पर इतना जोर दिया जाता है, ये गुण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जो बच्चे किसी भी परिस्थिति का विश्लेषण करना, विभिन्न दृष्टिकोणों पर विचार करना और सोच-समझकर निर्णय लेना सीखते हैं, वे जीवन भर सीखने की नींव रखते हैं।

सामाजिक-भावनात्मक विकास : विद्यालय एक ऐसा सामाजिक वातावरण प्रदान करते हैं जहाँ बच्चे सहानुभूति, टीम वर्क और संचार सीखते हैं। ये गुण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का निर्माण करते हैं, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। शिक्षा बच्चों को एक विविधतापूर्ण दुनिया से परिचित कराती है और उन्हें सभी प्रकार के व्यक्तियों के साथ सकारात्मक रूप से जुड़ने के लिए तैयार करती है। ❖❖

दीक्षा एवं स्मृति दिवस पर विशेष...

ज्ञान की ज्योति थे जैन धर्मोप्देष्टा, प्राकृत भाषा प्रेमी आगम मर्मज्ञ श्री फूलचन्द्र जी म.सा. 'पुप्फ भिक्खु'

- संघ सेतु, उपाध्याय प्रवर पू. श्री रवीन्द्रमुनि जी म.सा.

जैसे ही जीवन के अहसासों का प्रथम आलोक मुझे छूता है, मेरे मन में एक अनकहा स्मरण जागृत होता है। यह स्मरण उस महान आत्मा का है जिसने अपने जीवन को धर्म, ज्ञान और तपस्या के पावन आलोक में समर्पित किया। बाल्यावस्था से ही उनके व्यक्तित्व में अद्भुत विद्या, सादगी और आध्यात्मिक उत्कर्ष की झलक मिलती थी। मैंने उनकी जीवनयात्रा में जो पढ़ा व सुना है, वह केवल जीवन का क्रमिक अनुक्रम नहीं, बल्कि एक गहन दार्शनिक कथा है, जिसमें हर अनुभव से संदेश, हर प्रयास से प्रेरणा और हर त्याग से मोक्ष की सीख मिलती है।

जन्म और प्रारंभिक जीवन : जैन धर्मोप्देष्टा पं. रत्न श्री फूलचन्द्र जी महाराज का जन्म चैत्र सुदी दशमी, वि. सम्वत् 1952 में राजस्थान के बीकानेर जिले के भाडला शोभाना में हुआ। इनके पिता श्री टेकसिंह जी बीकावत एवं माता का नाम श्रीमती हुलासकुंवरजी बीकावत था। उन्होंने प्रारंभ से ही धार्मिक शिक्षा और संस्कारों का गहन अनुभव प्राप्त किया।

आध्यात्मिक मार्गदर्शन और दीक्षा : महाश्रमण पूज्य श्री फकीरचंद जी महाराज के सान्निध्य में केवल 16 वर्ष की आयु में, पौष वदी ग्यारस वि.सं. 1968 में गांव खानपुर कलां, गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा में उन्होंने जैन मुनि दीक्षा ग्रहण की। इस छोटी सी उम्र में दीक्षा लेना यह संकेत था कि उनके भीतर एक आसाधारण आत्मिक शक्ति और समर्पण का बीज पहले से ही अंकुरित हो चुका था।

शिक्षा, अध्ययन और भाषाओं में निपुणता : आपने महाश्रमण पूज्य श्री फकीरचंद जी महाराज का सुशिष्य बनने के पश्चात जैन एवं जैनेतर साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, छंद, दर्शन और आगम के गहन अध्ययन में पारंगतता प्राप्त की। भाषाओं में आपकी दक्षता अद्भुत थी। प्राकृत, संस्कृत, हिंदी, उर्दू, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, बंगाली, सिंधी और पंजाबी में न केवल अध्ययन किया, बल्कि अपनी रचनाओं और उपदेशों में इन भाषाओं का सृजनात्मक उपयोग किया। आपके होनहार सुशिष्य बाल ब्रहाचारी श्री सुमित्रदेव जी महाराज थे।

साहित्यिक योगदान : उनकी साहित्यिक रचनाएँ अत्यंत विविध और गहन हैं। सुतागमे एवं अत्थागमे का प्रकाशन, स्वप्न सार समुच्च, वीर स्तुति, कश्मीर से कराची, मेरी अजमेरी मुनि सम्मेलन यात्रा, गल्प कुसुमाकार, नव पदार्थ ज्ञान सार इन सभी ने जैन समाज और धर्म की गहन व्याख्या प्रस्तुत की।

सेवा और विरासत : अंतिम वर्षों में, परम सेवाभावी पूज्य गुरुदेव श्री प्रेमसुख जी महाराज के मार्गदर्शन में उन्होंने समस्त समाज के लिए धर्मप्रकाश का कार्य किया। उनका जीवन केवल आचार्य का नहीं, बल्कि एक आदर्श मार्गदर्शक, लेखक, प्रवर्तक और प्रेरक का उदाहरण है।

धर्म, भक्ति और प्रकाश का संगम : 29 जनवरी 1975, प्रातः 4:35 बजे, प्रेम भवन (श्री जैन स्थानक) करोलबाग, दिल्ली में उनका देवलोकागमन हुआ। परंतु उनकी शिक्षाएँ, उनके अनुशासन और उनके लेखन से उज्ज्वलित मार्ग, आज भी अनेकांत विहार, गुरुग्राम और समग्र भारतवर्ष में जीवंत हैं। उनका जीवन हमें यह स्पष्ट संदेश देता है कि ज्ञान, भक्ति और सेवा की त्रिवेणी में एक साधक मात्र स्वयं के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए दीपक बन सकता है। उनके पावन चरित्र से प्रेरणा लेकर, हम भी अपने कर्म, जीवन दृष्टि और भक्ति को परिष्कृत कर सकते हैं।

नमन और स्मृति : जन-जन की आस्था के केन्द्र, जैन धर्मोप्देष्टा, प्राकृत भाषा प्रेमी आगम मर्मज्ञ, सुत्तागमे के संपादक, प्रचार मंत्री, पं. रत्न, परम पूज्य गुरुदेव की पावन पुण्य स्मृति दिवस पर, उनके दिव्य जीवन, अपूर्व तपश्चर्या और ज्ञान ज्योति को कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हैं। उनकी पावन शिक्षाएं जो प्रेरणा का एक अमर स्रोत हैं, जो हर जीव में धर्म और ज्ञान का प्रकाश फैलाने का संदेश देती हैं। आपकी अनुकम्पा से समस्त जैन समाज को धर्म प्रकाश प्राप्त होता रहे, यही मंगल भावना। ❖❖

स्मृति दिवस पर विशेष...

संघ निर्माता पू. गुरुदेव 'मरुधर केसरी'

- मरुधरा भूषण, प्रवर्तक पू. श्री सुकन मुनि जी म.सा.

यह बात तो बच्चा-बच्चा जानता है कि श्रमण संघ के निर्माण में अपूर्व योगदान पूज्य गुरुदेव, धुन के धनी पू. श्री मिश्रीमल जी म. 'मरुधर केसरी' का रहा है क्योंकि जैसा मैंने आपश्री जी के पावन चरणों में रहकर देखा है। वे जन्मजात सृजन और संगठन के पर्याय थे। यों तो दीक्षाकाल से ही संघ सेवा की ओर उनका झुकाव रहा, किन्तु मैं यहां उनके जीवन की संघ सेवा संबंधी उन घटनाओं को ही प्रस्तुत करूंगा, जिन्हें मैंने अपनी आंखों से देखा है। समय परिवर्तनशील है, अतः समय के साथ हर चीज में परिवर्तन आता ही है। स्थानकवासी समाज की सांप्रदायिक मनोवृत्ति से दुःखी होकर धर्मवीर दुर्लभजी भाई आदि श्रावकों ने संगठन का शंखनाद फूंका। सांप्रदायिक भावनाओं को समाप्त करने का एक ही तरीका हो सकता था और वह था **'संघ ऐक्य-श्रमण संघ का निर्माण।'** दुर्लभजी भाई इस पुण्य कार्य के लिये निकल पड़े सभी संप्रदायों के प्रमुख संतों से उन्होंने संपर्क साधा। वे मरुधर केसरी जी की सेवा में भी गये। पू. गुरुदेव मरुधर केसरी जी म. उस समय जोधपुर में विराज रहे थे। मरुधर केसरी जी के खरे स्वभाव के कारण हर मिलने वाला थोड़ा हिचकिचाता था अतः दुर्लभजी भाई में भी उस भावना का होना स्वाभाविक था। वे मरुधर केसरी जी की सेवा में पहुंचे। वंदनापूर्वक वार्तालाप आरंभ हुआ। उस समय के कुछ शब्द आज भी कानों में गूंज रहे हैं। दुर्लभ जी भाई ने कहा - 'मिश्री मीठी होती है उसमें से रस टपकता है, उसके रसास्वादन का लाभ समाज को मिलना चाहिये। सांप्रदायिकता के कारण समाज में जो कटुता व्याप्त है, उसे मिठास से दूर करना है तथा संघ-ऐक्य का काम हाथ में लेना है।'

गुरुदेव मरुधर केसरी - **वाणी में कठोरता प्रतीत हो सकती है, किन्तु हृदय में मिठास है। आप जिस पवित्र योजना को लेकर आये हैं, मैं हृदय से उसका स्वागत करता हूँ। इस नश्वर शरीर से आप जो भी सेवा लेना चाहें, ले सकते हैं संघ-ऐक्य के लिये मेरी सभी सेवायें समर्पित समझिये।**

इस वाक्यांश में पू. गुरुदेव के हृदय की सत्यता झलक रही थी। योजनानुसार सर्वप्रथम मरुधरा के श्रावकों का सम्मेलन बगड़ी नगर में आयोजित किया। सभी मारवाड़ी संप्रदायों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा श्री सरदारमल जी छाजेड़, शाहपुरा निवासी की अध्यक्षता में सम्मेलन संपन्न हुआ।

श्रावक जब एक राय हो गये तो संतों को एकत्रित करने की ठानी। अजमेर में साधु-सम्मेलन करने का निश्चय हो ही चुका था, अतः वहां जाने से पूर्व आपसी विचार-विनिमय तो कर ही लेना चाहिये, इस दृष्टि से प्रवर्तक मुनि श्री पन्नालाल जी म., वयोवृद्ध मुनि श्री ताराचंद जी म., सरल स्वभावी मुनिवर्य श्री हजारीमल जी स्वामी, पू. श्री चौथमल जी म., तपस्वी मुनि श्री चतुर्भुज जी म., वयोवृद्ध पू. श्री शार्दलसिंह जी म., पं. मुनि पू. श्री छगनमल जी म. तथा पू. श्री फतेहचंद जी म. आदि सभी से पत्र व्यवहार किया तथा मिलने का स्थान पाली तय हुआ। स्वयं मरुधर केसरी जी सम्मेलन के पहले ही पाली पहुंचे तथा श्रावकों में जोश फूंका। मरुधर मुनि सम्मेलन का यह रूप हो सकता है। यह कल्पना ही नहीं हो सकती थी। एक मास पहले से ही विचित्र चहल-पहल थी। बूढ़े, जवान, बच्चे सभी के मुंह पर साधु-सम्मेलन की चर्चा थी। सभी लोग सम्मेलन की तैयारी में व्यस्त थे। कहीं स्थानकों की सफाई हो रही है तो कहीं अतिथियों के लिये मकानों की देखभाल। कहीं पाण्डाल बनाने की तैयारी तो कहीं सम्मेलन के बोर्ड लगाने की। जोश फूंक कर वातावरण ही धर्ममय सा (सम्मेलनमय) बना दिया।

सम्मेलन के पहले धर्मवीर दुर्लभजी भाई तथा श्री राजभाई पाली आये और वातावरण देखकर चकित हो गये। दुर्लभजी भाई ने मरुधर केसरी जी से कहा - 'मुझे प्रसन्नता है कि आपने मेरी जोधपुर यात्रा को सफल कर दिया। आप जैसा उत्साह तथा संघ प्रेम सभी संतों में व्याप्त हो जाए तो समाज का कल्याण हो जाए। मुझे यहां की स्थिति से बड़ी प्रसन्नता है। इस सम्मेलन का प्रभाव अन्य प्रांतों पर बहुत अच्छा पड़ेगा तथा वृहद् सम्मेलन की सफलता का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।'

मरुधर केसरी जी ने न केवल वहां की व्यवस्था को संभाला, वहां आने वाले संतों के स्वागत की भी सुंदर योजना बनाई। युवक संत उत्साह के साथ जाते और संतों का स्वागत करते। 20-20, 30-30 मील दूर श्रावकों के झुण्ड जाते और

संतों की जय-जयकार करते। पधारने वाले संतों के दिल भी हरे हो गये। प्रचार ऐसा हुआ कि दूर-दूर से स्वागत समिति के पास दर्शनार्थियों के आगमन एवं आवास व्यवस्था के लिए पत्र तथा तार आने लगे। कलकत्ता, मुंबई, मद्रास, खानदेश-बरार आदि प्रदेशों से लोग पहुंचने लगे। मरुधर केसरी जी जमें हुए थे ही अतः उत्साह में अभिवृद्धि होती रही। कई युवक तो आपे को भूल गये। जब देखो, मरुधर मुनि सम्मेलन का काम या उसी की चर्चा। ज्यों-ज्यों सम्मेलन का समय नजदीक आता, त्यों-त्यों लोगों के उत्साह में वृद्धि होती गई। इस सम्मेलन में अन्य आवश्यक कार्यवाही तो हुई, किन्तु एक निश्चय अत्यंत महत्वपूर्ण था। सम्मेलन अजमेर में होने जा रहा था तथा यह क्षेत्र खासतौर से मरुधर मुनियों का स्वागत करने तथा मार्ग की कठिनाई से राहत मिले इस दृष्टि से उन्हें लेने जावें। इस सब काम की जिम्मेदारी को वहन करने की घोषणा की। घोषणा के साथ जय-जयकार हुई और ऐसी हुई मानों आकाश गूंज उठा हो। मरुधर सम्मेलन के तुरन्त पश्चात् तरुण मुनियों का सहयोग लेकर मरुधर केसरी जी आगे के काम में जुट गये।

साधु-सम्मेलन के लिये देश के सभी भागों से संत-मण्डल अजमेर के लिये निकल पड़े। आबू, जयपुर तथा भीलवाड़ा से स्वागतकर्ता संत पहुंच गये और अतिथि संतों की सेवा में लग गये। संतों के पैर लहु-लुहान हो गये, किन्तु न घबराये और न विचलित हुए। सामने से आने वाले महापुरुषों के पैरों की भी यही हालत थी। दक्षिण भारत से, पंजाब से, सौराष्ट्र और मध्य प्रदेश से, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से सभी ओर से संत तेजी से अजमेर की ओर बढ़ रहे थे।

सभी का भावभीना स्वागत राजस्थानी संतों ने किया और उन्हें लेकर अजमेर पहुंचे। इस स्वागत अभियान से मरुधर केसरी जी की युवक संत-मण्डली की प्रतिष्ठा में चार-चांद लग गये। अजमेर में लगभग पांच-सौ संत-सतियां तथा एक लाख से ऊपर श्रावक-श्राविकायें एकत्रित हुए। अजब धर्ममेला था। मरुधर केसरी ने इस महा सम्मेलन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और यशस्वी बनें। स्थानकवासी समाज के इतिहास में शायद यह सबसे अधिक महत्वपूर्ण तथा विशाल धर्ममेला था।

जैनों तथा अजैनों की दृष्टि में संगठन के इस महामेले के फलस्वरूप तथा स्थानकवासी समाज को अच्छा यश मिला। सम्मेलन में रही कमीं की पूर्ति के लिये सादड़ी मारवाड़ तथा सोजत, भीनासर में भी सम्मेलन हुए तथा वहां भी सैकड़ों संत, महासतियां तथा असंख्य नर-नारी एकत्रित हुए। संघ-ऐक्य श्रमण संघ निर्माण के महत्व को आज कोई किसी रूप में महसूस करे, किन्तु ज्यों-ज्यों समय बीतेगा, उसका महत्व बढ़ेगा।

सादड़ी का महत्व सादड़ी : सम्मेलन के समय तो मरुधर केसरी जी का वही स्थान था जो मरुधर मुनि सम्मेलन पाली के समय था। सादड़ी मरुधर केसरी का प्रमुख क्षेत्र है। सादड़ी संघ का एक महत्वपूर्ण इतिहास है। गोड़वाड़ प्रदेश भर में प्रमुख रूप से सादड़ी ही एक ऐसा शहर है जहां स्थानकवासियों के घर हैं। धर्म रक्षा के लिये इन्हें बड़े-बड़े कष्ट सहने पड़े किन्तु ये विचलित नहीं हुए। मरुधर केसरी जी तथा इनके गुरुओं ने समय-समय पर इन्हें साथ दिया तथा धर्म पर टिके रहने के लिए हिम्मत दिलाई। इनके भक्त यहां बड़ी संख्या में हैं अतः साधु-सम्मेलन होने का बहुत बड़ा श्रेय मरुधर केसरी जी को ही है। पहले पहुंच कर आवश्यक व्यवस्था करवाने में उनका अच्छा योग रहा। लोगों में जोश भरने की कला में तो आप सिद्धहस्त थे ही। ऐसा जोश भरा कि लोग साधु-सम्मेलन सेवा तथा अतिथि सत्कार के लिए पागल से हो गये। बाहर से आकर भी सैकड़ों घर बस गये तथा उनके चौके चलने लगे। कॉन्फ्रेंस के अधिवेशन तीनों ही सम्मेलनों में आप साथ थे। पू. गुरुदेव मरुधर केसरी जी के जीवन की अनेक विशेषताओं मे एक विशेषता यह रही है कि वो जो सोच लेते हैं उसे पूरा करके छोड़ते हैं। तीन महासम्मेलनों के सिवाय एक छोटा सा सम्मेलन सोजत में भी हुआ और वह मरुधर केसरी जी की धुन के परिणाम स्वरूप था। इसी धुन के धनी ने सोच लिया कि अपने दीक्षा क्षेत्र में प्रमुख सभी संतों को लाना है ले आये। श्रमण संघ का निर्माण हुआ, बाहर से सांप्रदायिक भावनायें समाप्त हुईं, किन्तु अंदर कहीं-कहीं रह गईं। वह सांप्रदायिकता निरंतर सताती रही। कभी किसी बहाने से कोई रूठ जाता तो कभी कोई दूसरा।

आचार्य और उपाचार्य पू. श्री आनंदऋषि जी म. को आचार्य पद की चादर भी वहीं पर ओढ़ाई गई। सभी ऐसे आयोजनों में हमारे दिव्य दृष्टा पू. गुरुदेव का सहयोग सक्रिय एवं महत्वपूर्ण रहा है। संघ सेवा की भावना के बिना कभी सक्रिय सहयोग संभव नहीं होता। ❖❖

सम्यक्त्व निर्मल रखना

- पूज्य श्री उपेन्द्रमुनि जी म.सा.

सम्यक्त्व का मुख्य अर्थाभिप्राय है अमुक छः बातों में गहरा विश्वास रखना। यथा आत्मा है, आत्मा नित्य है, आत्मा कर्ता है, आत्मा भोक्ता है, मोक्ष है और मोक्ष में जाने के उपाय है। नीचे नरक है और ऊपर देव गति है देवलोक है। जीवात्मा अपने शुभाशुभ कर्मों के बलबूते पर नरक गति, तिर्यंच गति, मनुष्य गति, देव गति और पंचम मोक्ष गति में जा सकती है, जाती है।

सम्यक्त्व निर्मल रखने के लिए आचार्य देव फरमाते हैं कि साधु, साधु का सम्पर्क रखें तथा श्रावक भी साधुओं के सम्पर्क में रहे। मिथ्यादृष्टियों से सम्पर्क संबंध बनाकर न रखें। सम्यक्त्व शुद्ध पालने के लिए पहले जिनवाणी/वीतराग वाणी का तलस्पर्शी अध्ययन करें। आराध्य गुरुओं से आगमों का गहरा ज्ञान सीखने का प्रयास करें। गुरुदेवों का दिशा निर्देशन पाकर चित्त में प्रसन्नता की अनुभूति करें। अश्लील व मिथ्या साहित्य का अनुशीलन न करें ताकि सम्यक्त्व में निर्मलता बनी रहे। सम्यक् दृष्टि व्यक्ति को चाहिए कि वह सम्यक्त्व को निर्मल बनाए रखने के लिए भगवान महावीर व उनकी पावन वाणी से जुड़ा रहे। ये तभी संभव है जब सम्यक् दृष्टि साधक की आत्मा प्रभु महावीर व उनकी वाणी के वियोग में उदासीनता महसूस करें। सूर पदावली में अनमोल शब्द कहे हैं -

केतिक दूरि गयौ रथ, माई?
नंद नंदन के चलत सखी हौं, हरि कौं मिलन न पाई।।
एक दिवस हौं द्वार नंद के, नहिं रहति बिन आई।
आज बिधाता मति मेरी हरि, भवन-काज विरमाई।
जब हरि ऐसौ साज करत है, काहु न बात चलाई।
ब्रजहिं बसत बिमुख भइ हरि सौं सूल न उर तैं जाई।।
सोवत ही सुपने की संपत्ति, रहीं जियहिं सुखदाई।
सूरदास-प्रभु बिनु ब्रज बसिबौ, एको पल न सुहाई।

जब श्रीकृष्ण और बलराम मथुरा जाने के लिए ब्रज से निकले तो उन्हें देखकर एक गोपी कहती है कि हे सखी! रथ कितनी दूर गया होगा? मैं अभागी चलते समय उनके दर्शन भी नहीं कर सकी। मैं नंद जी के घर प्रतिदिन आती थी, किन्तु ब्रह्मा जी ने मेरी बुद्धि भ्रमित कर दी और मैं घर के कार्यों में उलझी रह गई। जिस समय श्री कृष्ण भगवान मथुरा जाने की तैयारी कर रहे थे, उस समय किसी ने भी मेरे सामने इस बात की चर्चा नहीं की। प्रभु से विमुख होने की विरह वेदना मेरे हृदय को भेद रही है, जला रही है। अब प्रभु के बिना ब्रज में रहना, मुझे एक पल के लिए भी अच्छा नहीं लगता।

बस, एक सम्यक् दृष्टि आत्मा की भी यही स्थिति होती है। वो वीतरागों व वीतरागों की वाणी के अभाव में अपने आपको असहाय व अनाथ-सी महसूस करती है और यह अनाथता ही उसके लिए सनाथता का कारण बनती है अर्थात् जब-जब साधक गौतम स्वामी की तरह अपने को अनाथ मानने लगता है तो सनाथ बनने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। कहा भी है -

हर किसी से ऐसे मिलो कि प्रथम बार मिल रहे हो जैसे।
ऐसे लो विदा, प्रेमपूर्वक, ज्यों अन्तिम मिलना हो उनसे।
हर मिलन सत्य ही प्रथम मिलन, हर बिछुड़न है अन्तिम बिछुड़न।

सम्यक दृष्टि आत्मा हमेशा ऐसा चिंतन करती है कि अब बिछुड़े पुनः पता नहीं कब मिलेंगे? उनकी जुदाई भी प्यार भरी होती है। अन्तिम जुदाई कि अब हमारा पुनर्मिलन नहीं होगा। मिलन और जुदाई के समय रखी गई समदृष्टि ही साधक को महानता के चरम शिखर पर पहुंचाया करती है।

कवि रहीम जी कहते हैं-

रहिमन रिस को छाडिके, करो गरीबी भेस।
मीठे बोलो नै चलो, सबै तुम्हारो देस।।

अर्थात् हे जीवात्मा। क्रोध को, क्षोभ को त्यागो। भीतर की कटुता और भेदभाव को प्रेम में रूपांतरित कर दो। ऐसी सादगी अपनाओं कि दीन-दुखी भी तुमको अपना समझे और तुम्हारे को, तुम्हारे शांत चेहरे को, तुम्हारे द्वारा किए गए सत्कर्मों को देखकर हर किसी को सांत्वना प्राप्त हो।

हे जीवात्मा! सदैव प्रिय एवं मधुर बोलो। नम्र होकर चलो

फिर देखना, तुम्हारे लिए कोई भी व्यक्ति, कोई भी देश पराया नहीं रहेगा। सज्जनता विश्व मोहिनी होती है। विनम्रता व्यक्ति को विद्वान और महान बना देती है। जरूरत है व्यक्ति को अपनी सोच को सम्यक्त्व को निर्मल बनाए रखने की। याद रखिए -

रहिमन यह तन सूप है, लीजै जगत पछोर ।
हलु कन को उड़ि जान दै, गरूए राखि बटोर ।।

अर्थात् यह संसार अनाज के भंडार की तरह है और तुम्हारी सोच सूप छाज की तरह है। अन्न में विजातीय तत्व भी हैं और कुछ निःसत्व भी। तुम्हें अन्न को पछोर कर पछाड़ कर साफ करके सार को ले लेना चाहिए। जो कूड़ा है, जो हल्का निःसार है, उसको उड़ जाने दो और जिसमें जीवन है, जो जीवन्त है, जो काम आने वाली वस्तु है, उसे बटोर लो अर्थात् मृत-जीवन मूल्यों का परित्याग करके जीवंत जीवन मूल्यों को संग्रहित कर लो।

भर्तृहरि बहुत बार कहते थे कि -

ऐश्वर्यस्य विभूषणं सुजनता शौर्यस्य वाक्संयमो,
ज्ञानस्योपशमः श्रुतस्य विनयो वित्तस्य पात्रे व्ययः।
अक्रोधस्तपसः क्षमा प्रभवितुर्धर्मस्य निर्व्याजता,
सर्वेषामपि सर्वकारणमिवं शीलं परं भूषणम्।।

अर्थात् अमीरी की शोभा है सन्जनता, शूरवीर की शोभा है वाणी पर संयम, ज्ञान की शोभा है - वाणी पर संयम ज्ञान की शोभा है शांत, विद्वता की शोभा है - विनम्रता, धन की शोभा है सुपात्र पर खर्च, तप की शोभा है - क्षमा, प्रभुता की शोभा है - निश्छलता तथा इन सबकी शोभा है विचारों की शुद्धि / निर्मल सोच सम्यक् दृष्टि रखना। वास्तव में ही सज्जनता, संयम, शांति, विनम्रता, क्षमा भाव, त्याग एवं निश्छलता के अपनाने से व्यक्ति स्वतः अध्यात्म के क्षेत्र में विकास कर लेता है।

इसके विपरीत जहां कदम-कदम पर दुष्टतापूर्ण व्यवहार किया जाता है, मन, बचन काया पर किसी तरह का संयम नहीं, मन में शांति नाम की कोई चीज नहीं, जीवन कुव्यसनों में पड़ा हुआ है, मन में बराबर बदला लेने की आग जलती रहती है, प्रत्येक कार्य में कपटाचार है, विचारों का स्तर, रसातल को छू रहा है और बातें सम्यक्त्व निर्मल करने की की जा रही है, जोकि असम्भव सा ही है। फर्श से अर्श पर पहुंचने के लिए चाहिए - सम्यक सोच।

बहता हुआ जल ही निर्मल होता है, जो बहता नहीं वो गंदा हो जाता है। इसी प्रकार योगी, साधु यदि घूमता रहता है तो उसके विचार अच्छे बने रहते हैं। घूमते हुए साधु की जिन्दगी बेदाग रहती है। क्योंकि घूमते रहने से वो संसार की मोह-माया से बचा रहता है। राग-द्वेष रूपी प्रेत उसे कभी परेशान व अशांत नहीं कर पाते और न ही उन्हें कोई प्राकृतिक विषमता, सर्दी गर्मी प्रभावित कर पाती है और न ही उसकी किसी के प्रति शत्रुता या आसक्ति बन पाती है। योग साधना करने वाले साधक को अपने विचार गंगाजल के समान पवित्र तथा एकदम विशुद्ध बनाने होते हैं।

सभी ग्रन्थ वेद-पुराण-आगमादि कहते हैं कि जो गुरुदेव ने तुम्हें सम्यक् सोच देने की कृपा की है, उसका बार-बार सिमरण करो। सभी जीवों के प्रति मंगल मैत्री के भाव रखो। अविश्वास और अनास्था का परित्याग कर दो। यदि हृदय में गुरु पर विश्वास तथा उनके बताए गए सन्देशों पर गहरा विश्वास, अटूट निष्ठा है तो तुम्हारे हृदय और विचारों को निर्मल होने से कोई नहीं रोक सकता।

भगवान महावीर ने सत्य का साक्षात्कार करने के लिए तथा सम्यक्त्व निर्मल बनाने के बारे में प्रेरणा देते हुए श्रीमद ठाणांग सूत्र के चतुर्थ ठाणे में कहा है-

चउहिं ठाणेहि संते गुणे नासेज्जा कोहेणं, पडिनिवेसेणं,
अकयण्णुयाए, मिच्छत्ताभिणिवेसेणं।

अर्थात्, क्रोध, ईर्ष्या-डाह, अकृतज्ञता और मिथ्याग्रह ये चार ऐसी बुराई हैं, जो मनुष्य के सुन्दर विचारों को, उसके निर्मल सम्यक्त्व को, उसके भीतर विद्यमान गुणों को नष्ट कर देती हैं।

अतः योगी लोगों को चाहिए कि वे अपना सम्यक्त्व निर्मल रखें, सोच अच्छी रखें, व्यवहार अच्छा रखें। इसके लिए क्रोध को त्यागे, ईर्ष्या को त्यागें, कृतघ्नता को त्यागें और अपनी जिद का, हठ का परित्याग करें। यह 12वाँ योग साधना बिन्दु है। ❖❖

जन्म दिवस पर विशेष...

आनन्ददाता प्रवर्तक पूज्य डॉ. राजेन्द्रमुनि जी म.सा.

- साहित्य दिवाकर पू. डॉ. श्री सुरेन्द्रमुनि जी म.सा.

किसी भी व्यक्ति की जानकारी हेतु उसके दो ही पक्ष देखे जाते हैं, एक उसका जीवन एवं दूसरा दर्शन जिसे हम व्यक्तित्व व कृतित्व कहते हैं। पूज्य गुरुदेव श्रमण संघीय प्रवर्तक, संघ रत्न डॉ. राजेन्द्रमुनि जी म.सा. के दोनों ही पक्ष उज्जवल रहे हैं। जीवन की दृष्टि से आपका जन्म जैन कुल के ओसवाल परिवार के अंतर्गत आने वाले गौत्र डोसी परिवार में पिता पूनमचंद जी डोसी के गृह में माता धापू देवी के यहां हुआ जो राजस्थान के जिले नागौर के अंतर्गत आने वाले बड़ू ग्राम में है।

पारिवारिक पृष्ठभूमि धार्मिक, सामाजिक रही, माता-पिता के शुभ संस्कारों से आपको विश्व संत अध्यात्म योगी उपाध्याय पू. श्री पुष्करमुनि जी म.सा. के विद्वान संत साहित्यकार आचार्य सम्राट् पू. श्री देवेन्द्रमुनि जी म.सा. का संत सान्निध्य प्राप्त हुआ।

परिणामतः सन् 1954 में जन्मे गुरुदेवश्री जी की जैन दीक्षा 15 मार्च सन् 1965 में राजस्थान के ही बाडमेर जिले के गढ़ सिवाणा ग्राम में अपने अग्रज भ्राताश्री वर्तमान में उपाध्याय पू. श्री रमेशमुनि जी म.सा. के साथ सम्पन्न हुई एवं वर्षों तक गुरु सान्निध्य में रहते हुए आपने, अपने गुरुदेवों से एवं देश के जाने-माने विद्वानों से संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, गुजराती, मराठी, मेवाड़ी, मारवाड़ी, अंग्रेजी आदि भाषाओं का अध्ययन प्राप्त कर आगम, न्याय, व्याकरण, काव्य के ग्रंथों का अध्ययन करते हुए विशारद शास्त्री, आचार्य परीक्षा के अलावा हिन्दी में साहित्यरत्न बी.ए., एम.ए. की उपाधियों के साथ दो बार पी.एच.डी. डाक्टरेट उपाधि से विभूषित हुए।

सामाजिक दृष्टि से आपने अपनी अलग ही पहचान बनाई जो जन-जन में व्याप्त है। विरोधी से भी विरोधी आपके इस सामाजिकरण से नत मस्तक है। कठिन से कठिन समय में भी हंसना-मुस्कुराना आपका सहज स्वभाव है। सरलता, सहजता आपका निज गुण बन चुका है।

साहित्य की दृष्टि से आप एक सफल साहित्यकार के रूप में प्रतिष्ठित हैं। आपके द्वारा रचित रचनाओं में कथा, उपन्यास, काव्य, आगम सम्पादन, शोध ग्रन्थों का परिणय रहा है जो आज देश व विदेश में अपना स्थान रखते हैं।

जैन सन्त जीवन में विचरण-विहारचर्या का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। जीवन भर एक स्थान से दूसरे स्थान पर, एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश का पाद भ्रमण करना, भगवान महावीर के सिद्धान्तों को गांव-गांव, घर-घर पहुंचाना, जनता को धर्म का मर्म समझाकर अहिंसक जीवन की प्रेरणा देना मुख्य लक्ष्य होता है। आपने, अपने जीवन काल में बखूबी गुरुदेवों के साथ रहते हुए एवं वर्तमान में विचरण करते हुए इसे निभाया है।

आपश्री जी के गुरुदेव श्रमण संघ के तृतीय पट्टधर पद पर विराजमान रहे, वर्तमान में श्रमण संघ के आचार्य पद पर ध्यान योगी डॉ. शिवमुनि जी म.सा. प्रतिष्ठित हैं। आपश्री भी संघ के प्रवर्तक पद पर आसीन होकर आचार्यश्री जी के अनुयायी बनकर अपना उत्तरदायित्व निभा रहे हैं। आपकी संयम यात्रा की 62 वर्षीय साधना चातुर्मास के रूप में सम्पन्न हो चुकी है एवं आने वाला चातुर्मास भी अपने गुरुदेव जी के स्थल देवेन्द्रधाम उदयपुर में घोषित हो चुका है। इस हेतु उदयपुर श्रावक संघ चातुर्मास सफल बनाने हेतु अभी से तत्पर है। आपने अपने जीवनकाल में अनेक संस्थाएं स्थापित की हैं जो संघ सेवा में अनवरत रूप से अपनी सेवाएं प्रदान करती जा रही हैं।

विद्वता की दृष्टि से माँ भारती सरस्वती आपकी जिव्हा पर विराजमान हैं। हजारों हजार जन मेदिनी में प्रवचन करते हुए ज्ञान के साथ हंसी का पुट देना आपकी कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। आपके हृदय की विराटता दर्शनीय है। आपश्री के 72वें पावन जन्मोत्सव पर आपके श्रीचरणों में संघ समाज व मेरी ओर से हार्दिक वंदना ! ❖❖

णमोकार मंत्र / नवकार मंत्र के पाँच रंगो का रहस्य क्या है ?

- महासती पू. श्री पुष्पावती जी म.सा.

क्या आपने कभी सोचा है कि णमोकार/नमोकार मंत्र में सफेद, लाल, पीला, हरा, नीला या कृष्ण रंग क्यों होता है? क्या यह सिर्फ सजावट है या इसके पीछे कोई गहरा आध्यात्मिक राज छिपा है? हम णमोकार/नमोकार मंत्र के इन पाँच रंगों के पीछे छिपे वैज्ञानिक और आध्यात्मिक अर्थ (Spiritual Science) को समझेंगे। यह रंग सिर्फ हमारी आँखों के लिए नहीं हैं, बल्कि यह पंच परमेष्ठी के महान गुणों को हमारे जीवन में उतारने का एक माध्यम हैं।

हम जानेंगेः **'सफेद रंग' (White)** : अरिहंत परमेष्ठी और उनकी शुद्धता (Purity) का प्रतीक।

लाल रंग (Red) : सिद्ध परमेष्ठी और उनकी अनंत शक्ति (Divine Energy) का महत्व।

पीला रंग (Yellow) : आचार्य परमेष्ठी और अनुशासन (Discipline) का पाठ।

हरा.नीला रंग (Green + Blue) मोरपंखी रंग : उपाध्याय परमेष्ठी और ज्ञान के विकास (Growth) का रहस्य।

नीला+काला (कृष्ण रंग) (Blue+Black) : साधु परमेष्ठी और त्याग (Renunciation) की शक्ति।

हम जानेंगे कि कैसे ये रंग हमारी आत्मा की उन्नति के लिए एक रोडमैप (Roadmap) की तरह काम करते हैं।

सफेद, लाल, पीला + हरा+नीला (मोरपंखी रंग) और नीला+काला (कृष्ण रंग)-यह सिर्फ रंग मात्र नहीं इनके पीछे कोई बहुत गहरा आध्यात्मिक राज छुपा है।

(नोटःचौथे और पांचवे पद में दो रंग का मिश्रण है। अतः कहीं कहीं पर भिन्नता पढ़ने में आती है।)

इन रंगों का असली मतलब क्या है और यकीन मानिए यह हमारी सोच से कहीं ज्यादा गहरा है? तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर 'नवकार मंत्र' के इन पाँच रंगों का असली उद्देश्य क्या है? क्या यह सिर्फ एक सजावट है? या एक पुरानी परंपरा?

इसका मकसद बहुत गहरा है/आध्यात्मिक है और सबसे जरूरी हमारी जिंदगी के लिए बहुत व्यवहारिक (Prectical) भी है और इसका अर्थ इस एक लाइन में छुपा है। यह सिर्फ रंग भरना नहीं है बल्कि यह उन पाँच महान आत्माओं जिन्हें हम 'परमेष्ठी' कहते हैं उनके 'पाँच विशिष्ट गुणों' को अपनी आत्मा में उतारने का एक तरीका है। मतलब यह रंग असल में हमारे (Sprichual Growth) स्पिरिचुअल ग्रोथ का एक (Roadmap) रोड मैप है।

सबसे पहले रंगों और उनसे जुड़े गुणों को समझेंगे।

सफेद श्वेत रंग (White) : अरिहंत परमेष्ठी और उनकी शुद्धता (Purity) का प्रतीक।

लाल रंग (Red) : सिद्ध परमेष्ठी और उनकी अनंत शक्ति (Divine Energy) का महत्व।

पीला रंग (Yellow) : आचार्य परमेष्ठी और अनुशासन (Discipline) का पाठ।

(हरा+नीला) मोरपंखी रंग (Green+Blue): उपाध्याय परमेष्ठी और ज्ञान के विकास (Growth) का रहस्य।

(नीला+काला) कृष्ण रंग (Blue+Black) : साधु परमेष्ठी और त्याग (Renunciation) की शक्ति।

सफेद रंग : यह रंग 'अरिहंत परमेष्ठी का प्रतीक है' अब सवाल यह उठता है कि यह अरिहंत कौन है? कि सफेद रंग अरिहंत की अवस्था को कैसे दिखता है? अरिहंत वह आत्माएं हैं जिन्होंने अपने सारे भीतरी दुश्मनों जैसे कि गुस्सा/अहंकार इन सब पर जीत हासिल कर ली है इसलिए सफेद रंग उनके परम शुद्धता उनके ज्ञान और उनकी शांति का प्रतीक है। यह उसे अवस्था को दिखाता है जहां मन में कोई मैल नहीं बिल्कुल साफ स्वच्छ और शुद्ध। अब बारी आती है शक्ति के गुण की और इसका प्रतीक है ऊर्जा से भरा हुआ लाल रंग यह रंग जुड़ा है 'सिद्ध परमेष्ठी' से तो लाल रंग ही क्यों? क्योंकि यह सिद्ध आत्माओं की अनंत शक्ति को दिखाता है जिसे अनंत वीर्य भी कहते हैं 'सिद्ध वह आत्माएं हैं जो जन्म मरण के सारे बंधनों से सारे कर्मों से मुक्त होकर मोक्ष कर चुकी है यह लाल रंग इस (Ultimate Libration) अल्टीमेट लिबरेशन और (Divine Energy) डिवाइन एनर्जी का सिंबल है।

अब अपने तीसरे गुण की अर्थात् पीला रंग की है। यह रंग रिप्रेजेंट करता है 'आचार्य परमेष्ठी को'। 'पीला रंग अनुशासन और संयम का प्रतीक है यह आचार्य के जीवन

को दिखाता है जो पूरे जैन संघ के गुरु और मार्गदर्शक होते हैं वह खुद भी नियमों का शक्ति से पालन करते हैं और पूरे समाज को सही दिशा दिखाते हैं। तो पीला रंग उनके इसी (Discipline & Balance) डिसिप्लिन और बैलेंस जीवन का प्रतीक है।

अब बढ़ते है हमारा चौथा रंग जो है हरा, हरा+नीला (मोरपंखी रंग) : यह रंग जुड़ा है 'उपाध्याय परमेष्ठी' से जो 'ज्ञान के शिक्षक होते हैं' और यह कनेक्शन कितना सही है हरा रंग विकास का प्रतीक है जैसे पौधा बढ़ता है और फलता फूलता है ठीक वैसे ही उपाध्याय शास्त्रों का ज्ञान देकर दूसरों की आत्मा को विकसित होने में मदद करते हैं तो यह रंग ज्ञान के फलने फूलने का प्रतीक है।

और अब हम अपनी इस रंगों की यात्रा के आखिरी पड़ाव पर है **नीला+काला रंग (कृष्ण रंग)** : यह रंग 'साधु परमेष्ठि' से जुड़ा है यह जो गहरे रंग है यह 'त्याग और स्थिरता के प्रतीक' है। इन रंगों में एक गंभीरता है एक शांति है जो एक साधु के जीवन को दर्शाती है जो दुनिया की सारी मोह माया को छोड़कर आत्म साधना में लगे रहते हैं और तपस्या से अपने कर्मों को खत्म करते हैं।

हमने सभी पांच रंगों और उनके गुणों को एक-एक करके समझने का प्रयास किया है। लेकिन इन सबको एक साथ देखने का एक साथ जोड़ने का असली मकसद क्या है?

इसका असली मकसद इन चार बातों में छिपा है **1.** यह रंग हमें उन पाँच महान आत्माओं के गुण याद दिलाते रहते हैं। **2.** यह मंत्र जाप को सिर्फ शब्दों से आगे ले जाकर एक गहरा अनुभव बनाते हैं।' **3.** जब हम ध्यान करते हैं तो हम इन गुणों की ऊर्जा को महसूस कर सकते हैं। जैसे सफेद रंग से शांति और लाल रंग से शक्ति आदि। **4.** यह हमें याद दिलाता है कि यह गुण हमारे लिए एक (Ideal) आइडियल है।

इन रंगों को हम भी अपने जीवन में उतार सकते हैं मतलब अगर एक लाइन में कहें तो नवकार मंत्र के यह पांच रंग हमारी आत्मा के लिए एक (Guide) गाइड की तरह है एक (Compass) कंपास की तरह है जो हमें बताते हैं कि हमें किन गुणों की ओर आगे बढ़ना है। यही इन रंगों का सबसे गहरा और सबसे सुंदर रहस्य है।

आइए यह जानने का प्रयास करते है कि 'नवकार मंत्र' का जाप सविधि कैसे किया जाए? जिससे जप का अपूर्व आनंद आ सके।

आइए इसे समझते हैं जैन दिवाकर पू. गुरुदेव श्री चौथमलजी महाराज साहब के दृष्टिकोण से : साभार : 'जैन दिवाकर स्मृति ग्रंथ' 'महासती श्री पुष्पावती जी' की कलम से। जैन दिवाकर जी महाराज एक ऊंचे साधक थे। 'नवकार महामंत्र' के प्रति आपकी गहरी निष्ठा थी। वे जीवन के कल्याण के लिए/विचारों की निर्मलता के लिए/हृदय की शुद्धि के लिए उसका जप आवश्यक मानते थे।'

आपका यह मानना था कि 'नवकार मंत्र' का जाप सविधि किया जाए तो उसके जप का अपूर्व आनंद आ सकता है।' 'जप एक सांस में करना चाहिए जप करते समय केवल एक पद को लेना चाहिए साथ ही उस पद के रंग का भी चिंतन करना चाहिए।'

जैसे पहला पद 'नमो अरिहंताणं' इस पद को लें। इस पद का वर्ण है 'श्वेत'। 'इस पद का स्थान मस्तिष्क है'। जिसे योग शास्त्र में 'सहस्त्रार चक्र' या क्राउन चक्र' कहा जाता है। उस समय श्वास की स्थिति अन्तर्कुम्भक होनी चाहिए।'

इसी तरह दूसरा पद 'नमो सिद्धाणं' पद को लेकर भी जाप किया जाए। 'सिद्धों का रंग लाल बताया गया है।' ध्यान करते समय लाल रंग चिंतन रूप में रहना चाहिए। 'जाप करते समय 'ललाट के मध्य भाग में' ध्यान केंद्रित करना चाहिए।' जिसे 'आज्ञा चक्र' कहते हैं'। सभी पद के ध्यान करते समय अन्तर्कुम्भक की स्थिति होनी चाहिए।

इसी तरह तीसरा पद 'नमो आयरियाणं' इस पद का रंग पीला है। इसका जप करते समय इसके पीले रंग की कल्पना करनी चाहिए इसका स्थान 'गला' है जिसे 'विशुद्धि चक्र' कहते हैं। हमारे आवेगों को यह स्थान नियंत्रित करता है।

इसी तरह चौथा पद 'नमो उवज्झायाणं' इस पद का रंग 'नीला हरा+मिश्रित (मोरपंखी रंग) है, इसका स्थान 'हृदयकमल' है। इसे 'मणिपुर चक्र' कहते हैं और इसी तरह पाँचवां पद 'नमो लोए सव्व साहुणं' इस पद का रंग (नीला+काला मिश्रित) 'कृष्ण रंग' है और इसका स्थान 'नाभि' है।

इस प्रकार एक-एक पद को लेकर जप करने से मन चंचल नहीं होता तथा 'ध्यान और जप का विशिष्ट आनंद आता है'।

संकलन : सुरेन्द्र मारू जैन, इन्दौर (मध्य प्रदेश)

'मैं' को हटाओ 'मैं' से मिलो

- साध्वीयुगल निधि-कृपाश्री जी म.सा.

भगवान महावीर ने श्री आचारांग सूत्र के माध्यम से 'मैं' का विस्मरण करने की अद्भुत कला बताई है तो 'मैं' को जानने की अनूठी प्रक्रिया भी दर्शाई है। अधुना लोग मात्र अपने व्यक्तित्व का विशिष्ट मूल्यांकन चाहते हैं। अतः न 'मैं' (अहं) का विस्मरण हो पाता है और न 'मैं' (आत्मा) की खोज हो पाती है।

'मैं' एक ऐसी वृत्ति है जिससे ऊर्जा तो अवश्य जागती है, किन्तु उसमें औरों को गिराकर स्वयं को खड़ा करने की नकारात्मक मानसिकता होती है। 'मैं आगे सब मेरे पीछे', 'मैं सबसे ऊपर सब मेरे नीचे', 'मेरे जैसा कोई नहीं' इत्यादि स्वरों की धुन सदैव बजती है। यहाँ तक कि वे जितनी भी धर्म आराधना करते हैं उनमें भी एक अवश्य छिपी होती है, 'मैं अभिव्यक्त होता रहूँ कहीं पर्दे के पीछे न चला जाऊँ।'

'मैं' की प्रकृति ऐसी है कि वह स्वयं को उत्तम पुरुष अर्थात् प्रथम पुरुष मानता है। जो खुद को श्रेष्ठ मानेगा वह घर और समाज में सदा अकेला पड़ जाएगा। यह अकेलापन तब और अधिक असह्य हो जाता है जब योग्यता होते हुए भी उसका मूल्यांकन नहीं होता। यूँ 'मैं' मानसिक पतन की ओर ले जाता है।

एक दिन स्वामी विवेकानंद से किसी ने पूछा, 'नरक क्या है?' समाधान देते हुए - स्वामी जी ने प्रश्नकर्ता से पूछा, 'कौन पूछ रहा है यह प्रश्न?' वह बोला, 'मैं पूछता हूँ।' स्वामी जी ने गंभीर स्वर में कहा, यह 'मैं' ही नरक है।

यह 'मैं' वहाँ निवास करता है जिसमें योग्यताएँ कम है या जिसे अपनी योग्यता का कम/अधिक सम्मान मिला है। ख्याल रहे, जो 'मैं' की वृद्धि करता है वह ज्ञान नहीं, अज्ञान है। जो ज्ञान 'मैं' की चिकित्सा करता है वह आत्मज्ञान बन जाता है। यहीं से जीवन में साधना का शुभारंभ होता है।

सूत्रकार कहते हैं, जहाँ अहंकार है वहाँ ममकार है। जहाँ ममकार है वहाँ कदाग्रह है अतः अहं का विसर्जन करो तो आत्मदर्शन प्रारंभ हो जाएगा। 'मैं कहता हूँ', 'मेरी बात सुनो', 'मेरी बात मानो', 'मुझे सम्मान दो', ऐसा कथन यदि बार बार मुख से निकले तो जानना अहंकार = 'मैं' का विस्तार हो रहा है और ममकार = 'मेरा' अपनी गहरी जड़ जमा रहा है।

अहंकार और ममकार के विदा होते ही हृदय में श्रद्धा की स्थापना होती है। जहाँ श्रद्धा है वहाँ 'स्व' की नहीं 'सर्वज्ञ' की बात को सर्वोपरि माना जाता है। यही कारण है, भगवान महावीर के प्रथम पट्टधर आर्य सुधर्मा स्वामी के श्रीमुख से प्रकट हुआ 'सूर्य में एवमक्खायं' अर्थात् भगवान महावीर ने इस तरह कहा है जो मैंने सुना है। (देखे आचा सूत्र 1/1/1) इस प्रकार सुधर्मा स्वामी ने सूत्र का प्रारंभ करते हुए 'स्व' या 'मैं' की बात नहीं 'सर्वज्ञ' की बात कही। चूँकि सर्वज्ञ की वाणी के अभाव में न आत्मदर्शन हो सकता है और न अहंकार का विसर्जन संभव है।

स्पष्ट है, 'मैंने सुना है' इस शब्द में आत्ममंगल का शुभ संकेत है। जिसने उपदेश सुना है वही उपदेश देने का सुपात्र/अधिकारी है। जिसने सुगुरु के चरणों में सच्चे शिष्यत्व को स्वीकार किया है वही 'मैंने सुना है' द्वारा अपने तथा दूसरे के बंद पट खोलता है। चूँकि गुरु के हितकारी वचन सुनने के लिए भी पात्रता चाहिए।

जो अपने 'मैं' को झुकाकर समर्पण से जोड़ देता है, प्रभु के चरणों में विलीन कर देता है उसके भीतर सरलता, करुणा और मैत्री का भाव जागता है। इसी कारण 'मैंने सुना है' यह पावन शब्द सुधर्मा स्वामी की विनम्रता, सत्यनिष्ठा एवं परमात्म-वचन के अनुसरण का द्योतक है।

सुनने से समझ खुलती है और समझ से आचरण स्वतः होने लगता है। दरअसल सुनना, समझना और करना ये तीन नहीं एक ही है। मान लो, आप जंगल के रास्ते से गुजर रहे हो और कोई कह दे कि सामने से सर्प आ रहा है तो अपना हित किसमें है यह समझकर आप मार्ग से फौरन हट जाते हैं।

ऐसे ही सत्य को सुना जाए तो उसे समझना और करना स्वतः हो जाता है। एक सप्ताह में हम कमोबेश सौ घंटे असत्य

श्रवण करते हैं। यह तो बहुत अच्छा है कि असत्य के शब्दों में ज्यादा शक्ति नहीं है वर्ना हमारा जीवन अंधकार में डूब जाता। निश्चित है, सत्य में गजब की शक्ति है। इसलिए मनुष्य कम से कम सप्ताह में एक घंटा भी सत्य श्रवण करे तो सौ घंटे के असत्य श्रवण के प्रभाव को तोड़ सकता है। धन्य है सुधर्मा स्वामी जिन्होंने भगवान महावीर की वाणी को 'मैंने सुना है' शब्द द्वारा जब स्वामी जैसे उत्कट जिज्ञासु शिष्य को प्रदान कर श्रुतज्ञान की प्रणाली का शुभारंभ किया। इससे एक बात पूर्णतः प्रकट है, गुरु-शिष्य और साधु श्रावक का पवित्र संबंध केवल संयम के उपकरण, वस्त्र, पात्र या आहार के आदान-प्रदान से नहीं टिकता बल्कि सम्यक् ज्ञान के पठन-पाठन एवं शास्त्र श्रवण से अमर बनता है। इसलिए सुशिष्य गुरु के श्रीचरणों में प्रार्थना करता है, आप आगमज्ञ हो मुझे भी जिनवाणी का शाश्वत आराधक बनाइए। गुरु मुख से शास्त्र श्रवण किया जाए तो शिष्य में शास्त्र-परिक्रमित वृद्धि प्रकट होती है और यह श्रवण प्रणाली गुरु-शिष्य परंपरा से जीवित रहती है।

ध्यान दें, शास्त्रों को सिर्फ कानों से मत सुनना। इसे आँखों से और हृदय से भी सुनना अनिवार्य है। कानों से सुनना दवा है आँख भी साथ जुड़े तो दुआ है और हृदय शामिल हो जाए तो अमृत है। जैसे एक माँ शिशु को लोरी सुनाकर महान बनने की प्रेरणा देती है। ऐसे ही एक गुरु भी अपने गुरु से जो सुना है उसे अपनाते हैं और मोक्ष मार्ग का मंगल पथिक बनकर अपने शिष्य को ज्ञान देते हैं।

स्मरण रहे, गुरु सिर्फ उपदेश ही नहीं देते आत्मा का उद्देश्य भी स्पष्ट करते हैं। मात्र आदेश नहीं देते आचरण का पाठ भी पढ़ाते हैं। वे शिष्य को ज्ञान देकर न केवल प्रभावित करते हैं, परंतु प्रकाशित भी करते हैं। इस प्रकार सुगुरु केवल स्वयं ही मोक्ष मार्ग पर नहीं चलते बल्कि शिष्य को भी चलाते हैं।

जरा सोचो! चार ज्ञान के धारी सुधर्मा स्वामी जैसे महान गणधर भी जब भगवान महावीर के श्रीमुख से वीतराग वाणी का पान करते थे तो क्या हमारे जैसे साधकों को जिनवाणी श्रवण एवं पठन हेतु सदा प्रयासरत नहीं रहना चाहिए? हकीकत यह है, हम सुनते अवश्य है किन्तु हमारी श्रवण रुचि में तीव्रता नहीं है। जब तक एक लगन न जागे तब तक सुनने का प्रयास सफल नहीं हो सकता।

एक उद्योगपति टैक्सी में बैठे हुए थे और टैक्सी ड्राइवर तेज गति से गाड़ी चला रहा था। अचानक उद्योगपति ने कहा, 'तनिक यहाँ रूकना, सामने वाली बिल्डिंग में मुझे दस मिनट का काम है।' ड्राइवर ने कहा, 'मैं नहीं रूक पाऊँगा क्योंकि दस बजे मुझे स्वामी सुखानंद की प्रवचन सभा में कथा सुनने जाना है।'

यह सुन उद्योगपति को बड़ी हैरानी हुई। तत्क्षण उन्होंने सौ का नोट ड्राइवर को पकड़ाते हुए बात मानने को कहा। नोट के प्रलोभन ने ड्राइवर की प्रवचन सुनने की तीव्रता को दबा दिया। तत्काल ड्राइवर ने गाड़ी रोकते हुए कहा, 'सर। मुझे प्रवचन सुनने की जल्दी नहीं है। ऐसे तो अनेक स्वामी आये और गये मैं फिर कभी सुन लूँगा।'

स्पष्ट है, धर्म श्रवण की तीव्रता ऐसे ही छोटे-बड़े प्रलोभनों में मंद पड़ जाती है। कहा भी है, प्रलोभन स्वर्ण की श्रृंखला के समान है जो आत्म-विकास में प्रबल बाधक है। ख्याल रहे, मन का टायर कभी भी पंक्चर हो सकता है। अतः अनेक बार सत्य सुनने की भावना जागती अवश्य है किन्तु सुनने का अवसर नहीं आ पाता।

संक्षेप में, जो सत्य सुनता है वह सौभाग्यवान है। 'मैंने सुना है' ऐसा कहकर जो सुनाता है वह धन्यभागी है। किन्तु याद रहें, 'सुनना' चायनीज विस्पर/फुसफुसाना जैसा मनघड़ंत परिणाम लाने वाला न हो इस बात की सावधानी रखना।

आज से 'मैं कहता हूँ' के स्थान पर 'मैंने सुना है' या 'मैंने पढ़ा है' इस शब्द का प्रयोग करेंगे तो एक दिन 'मैं' हटेगा और 'मैं' से मिलन होगा। ❖❖

पिरोलो जीवन की सूई में
जिनाज्ञा का धागा
'मैं' (आत्मा) की ऊर्जा प्रकटाने हेतु
'मैं' (अहं) को प्रतिदिन गुड बॉय करो।
1440 मिनटों में कम से कम 48 मिनट सम्यक् श्रवण में डोनेट/दान करने हेतु
जाग सके तो जाग

नववर्ष

- **विजय जैन**-राष्ट्रीय चेयरमैन, जैन कॉन्फ्रेंस

प्रातःकाल की पहली किरण जब क्षितिज पर उतरती है, तो लगता है जैसे आकाश ने रात भर की थकान उतारकर एक नई कथा लिखने का संकल्प लिया है। नववर्ष का आरंभ भी कुछ ऐसा ही है। यह एक ऐसी घड़ी है जो समय को नए अर्थ देती है, मनुष्यों को नए सपनों से भर देती है और संसार की पुरानी साँसों में एक ताजगी घोल देती है। नववर्ष केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं है, यह मनुष्य के भीतर की उस अनश्वर आकांक्षा का प्रतीक है जो हर पतन के बाद उठना जानती है, हर अंधकार में प्रकाश की तलाश करना जानती है और हर अंत में एक आरंभ खोज लेती है।

समय एक बहती नदी है। उस नदी का कोई पल स्थिर नहीं रहता। बीते हुए वर्ष इस नदी के तट पर पड़े पदचिह्न हैं जिन्हें जल की अगली धारा मिटा देती है, पर मन उन्हें स्मृतियों में सँजोकर रखता है। नववर्ष का आगमन उन स्मृतियों से संवाद की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। यह मन को पूछता है कि जो गुजरा, उसमें क्या खो गया, क्या बचा रहा और क्या नया बोया गया जिसके अंकुर आने वाले दिनों में फूटेंगे। मनुष्य चाहे जितना भी आधुनिक क्यों न हो जाए, चाहे उसकी साधनाएँ जितनी भी बदल जाएँ, नववर्ष में वह वही पुरातन मनुष्य बन जाता है जिसकी आशाएँ नई सुबहों की प्रतीक्षा में झूलती रहती हैं।

नववर्ष की रात में जब घड़ी की सुईयाँ बारह के निकट बढ़ती हैं, तो मन में एक अव्यक्त-सी कंपकंपी जागती है। वह क्षण इतना सूक्ष्म होता है कि न उसे पूरी तरह पकड़ा जा सकता है, न उसे पूरी तरह भुलाया जा सकता है। यह केवल एक पल नहीं, दो कालखंडों के बीच फैला हुआ एक पुल है। एक ओर बीते वर्ष की थकी हुई साँसें, दूसरी ओर आने वाले वर्ष की संभावनाओं से भरी श्वासें। इस पुल पर खड़ा मनुष्य दोनों दिशाओं की ओर देखता है। पीछे की ओर झाँकता है तो उसे अपने अपूर्ण सपने, अपनी सफलताएँ, अपनी हानियाँ और अपने छोटे-बड़े संघर्ष दिखाई देते हैं। आगे देखता है तो उसे धुँधली उम्मीदों का एक विस्तृत आकाश दिखता है, जिसमें अनगिनत सितारें झिलमिलाते हैं। प्रत्येक सितारा एक संभावना है, एक अवसर है, एक नए कर्म का संकेत है।

नववर्ष का सौंदर्य इसी द्वैत में छिपा है। यह मनुष्य को समय के प्रवाह का बोध कराता है, पर साथ ही उसे यह भी एहसास दिलाता है कि हर बीतने वाली चीज के पीछे एक आने वाली चीज खड़ी है। यह एहसास जीवन को मधुरता देता है। यदि समय स्थिर होता, यदि परिवर्तन न होता, तो मनुष्य की आकांक्षाएँ भी जड़ हो जातीं। पर समय चलता है, इसलिए मनुष्य सपने देखता है। समय बदलता है, इसलिए मनुष्य बदलने का साहस जुटाता है।

नववर्ष की सुबह जब लोग घरों की छतों पर खड़े होकर सूर्य का स्वागत करते हैं, तो उस क्षण में एक अद्भुत समष्टि-भावना जागती है। ऐसा लगता है कि विश्व के हर कोने में मनुष्य एक ही संकल्प के साथ जाग रहा है। कहीं पर्वतीय गाँवों में बर्फ पर उगता सूर्य लोगों की हथेलियों को गरमाहट देता है, तो कहीं समुद्री तटों पर उसकी सुनहरी किरणें जल को चमका देती हैं। कहीं गाँवों की पगडंडियों पर बच्चे नए साल की किलकारियाँ बिखेरते हैं, तो कहीं नगरों की ऊँची इमारतों में लोग अपनी खिड़कियों से नए सपनों को आकार देते हैं। यह विविधता ही नववर्ष का सौंदर्य है। दुनिया बदलती है, पर मनुष्यों की आकांक्षाएँ एक सूत्र में बँधी रहती हैं।

पर नववर्ष केवल उल्लास का पर्व नहीं है। यह आत्ममंथन का उत्सव भी है। यह हर मनुष्य को अपनी कमियों से, अपनी भूलों से, अपने अव्यवस्थित समय से सामना कराता है। लोग कई बार सोचते हैं कि समय उन्हें धोखा दे गया, पर सच यह है कि समय कभी धोखा नहीं देता। समय तो केवल बहता है। मनुष्य ही है जो कभी उसके साथ बहना भूल जाता है, कभी उसके विपरीत तैरने की जिद कर बैठता है। नववर्ष का आगमन यह याद दिलाता है कि जीवन की धारा के साथ संतुलन बनाना आवश्यक है। पुराने वर्ष में जो अधूरे काम छूट गए, उनका अपराधबोध लिए बिना आगे बढ़ना ही जीवन की सच्ची कला है।

नववर्ष की प्रक्रिया में एक और गहरा तत्व छिपा है और वह है स्मृति। स्मृतियाँ जीवन की नींव हैं। बीते वर्ष ने जो क्षण दिए, चाहे वे दुख के हों या सुख के, वे सभी मनुष्य को कुछ

न कुछ सिखाते हैं। दुख मनुष्य को मजबूत बनाते हैं और सुख उसे नम्र बनाते हैं। दोनों ही अनुभव आवश्यक हैं। इसलिए नववर्ष का स्वागत करते हुए उन स्मृतियों के प्रति कृतज्ञ होना एक सुंदर मानवीय भाव है। जो बीत गया उसे सम्मान देना चाहिए, क्योंकि वही बीता समय भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

नववर्ष को लोग अक्सर संकल्पों से जोड़ते हैं। संकल्प जीवन में दिशा देते हैं, पर संकल्प तभी सार्थक होते हैं जब वे यथार्थ की मिट्टी में बोए जाएँ। मनुष्य कई बार बड़े लक्ष्य निर्धारित कर लेता है, पर उन लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए छोटी-छोटी आदतें विकसित करना भूल जाता है। नववर्ष का वास्तविक अर्थ यही है कि मनुष्य अपने भीतर ऐसी सूक्ष्म आदतें पैदा करे जो उसे बेहतर बनाएँ। यह बेहतर होना किसी प्रतिस्पर्धा का हिस्सा नहीं, बल्कि आत्म-विकास का मार्ग है। नववर्ष के संकल्पों में यदि मनुष्य यह सोच ले कि उसे दूसरों से नहीं, स्वयं से बेहतर बनना है, तो वह वर्ष उसके लिए सफल हो जाएगा।

नववर्ष केवल व्यक्तिगत भावनाओं का विषय नहीं, सामूहिक चेतना का भी उत्सव है। समाज इसी क्रमिक परिवर्तन से आगे बढ़ता है। प्रत्येक व्यक्ति जब अपने भीतर सुधार लाता है, तो यह सुधार धीरे-धीरे समाज के ताने-बाने में उतरने लगता है। इस प्रकार नववर्ष मानव समाज में नई ऊर्जा भरने का अवसर है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने मतभेद भूलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हैं। शुभकामनाएँ केवल शब्द नहीं, यह उस भाव का प्रतीक हैं जिसमें मनुष्य दूसरों के लिए कल्याण की कामना करता है। यही भाव समाज को जोड़ता है।

नववर्ष का एक गहरा आध्यात्मिक पक्ष भी है। समय अनश्वर है, पर मनुष्य नश्वर। यह ज्ञान ही उसे विवेक देता है। नववर्ष के आगमन पर मनुष्य अनायास ही ईश्वर, प्रकृति, ब्रह्मांड या किसी उच्चतर शक्ति के प्रति कृतज्ञ होता है। यह कृतज्ञता जीवन की थकान को कम करती है। जो व्यक्ति कृतज्ञता समझता है, वह जीवन के हर मोड़ पर सहज बना रहता है। नववर्ष का उद्देश्य यही है कि मनुष्य अपने भीतर उस सहजता को विकसित करे।

समय के इस पुनरारंभ में प्रकृति भी अपना योगदान देती है। ऋतुएँ बदलती हैं, हवाओं में नया स्पंदन आता है, वृक्ष अपनी शाखाओं में नए पत्ते सजोने की तैयारी करते हैं। प्रकृति का यह नव-जीवन मनुष्य को भी प्रेरित करता है कि वह अपने भीतर नई चेतना जगाए। मनुष्य और प्रकृति के बीच यह सामंजस्य अनादि काल से बना हुआ है। नववर्ष इसी सामंजस्य की पुनर्पुष्टि है।

नववर्ष का उत्सव विविध संस्कृतियों में अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है, पर उसका मूल भाव समान रहता है। कोई इसे दीपों से सजाता है, कोई गीतों से, कोई नृत्य से, कोई प्रार्थना से। यह विविधता मानव सभ्यता की संपन्नता का प्रमाण है। मानव समाज ने हजारों वर्षों के इतिहास में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, पर नववर्ष का स्वागत वह सदैव आशा के साथ करता आया है। यह आशा ही मनुष्य को टिकाए रखती है।

नववर्ष का सच्चा अर्थ किसी उत्सव, किसी मिठाई, किसी आतिशबाजी में नहीं, बल्कि उस मौन क्षण में छिपा है जब मनुष्य अपने भीतर झाँककर देखता है कि वह कहाँ खड़ा है और आगे कहाँ जाना चाहता है। यह आत्म-परिचय का क्षण है। जो व्यक्ति इस क्षण को समझ लेता है, वह नववर्ष को केवल तारीख का नहीं, जीवन के विकास का पर्व मानता है।

नए वर्ष की पुस्तिका में लिखे जाने वाले पहले शब्द मनुष्य के लिए पवित्र होते हैं। यह वही आशा है जो उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। चाहे रास्ता कितना भी कठिन क्यों न हो, नववर्ष उसे यह विश्वास दिलाता है कि जीवन में हर मोड़ पर पुनः आरंभ का अवसर हमेशा मिलता है। यही अवसर मानव जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है।

अंततः नववर्ष का यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन एक यात्रा है। इस यात्रा में मंजिलें आती-जाती रहती हैं, पर यात्रा का सौंदर्य उसके अनुभवों में छिपा होता है। हर वर्ष इस यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है। कोई अध्याय सुखद होता है, कोई मार्मिक, कोई चुनौतीपूर्ण, पर हर अध्याय महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह हमारी चेतना को आकार देता है। नववर्ष का स्वागत करते हुए यही भाव मन में रखना चाहिए कि हम समय की इस यात्रा में बेहतर यात्री बनें। अपने भीतर प्रकाश जगाएँ, दूसरों के जीवन में भी थोड़ा प्रकाश दें। यही नव वर्ष की सार्थकता है। यही उसकी महिमा है। ❖❖

नववर्ष - नई पहल

- **विनय जैन**-राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, जैन कॉन्फ्रेंस

जब रात्रि का अंतिम पहर अपनी थकी चादर समेट रहा होता है, तभी कहीं क्षितिज के उस पार, एक शांत लहर-सी रोशनी जन्म लेती है। यह प्रकाश केवल आकाश में नहीं फैलता, यह मनुष्य के भीतर भी उतरता है। नववर्ष की यही पहली किरण है, जो बाहरी संसार के साथ-साथ आंतरिक संसार को भी स्पर्श करती है। यह केवल समय का परिवर्तन नहीं, संवेदना का जागरण है। यह जीवन में नव-चेतना का उदय है, जो हर जीव को स्मरण दिलाता है कि अनंत काल के प्रवाह में एक और क्षण, एक और अवसर, एक और जागरण प्राप्त हुआ है।

जैन दर्शन कहता है कि समय अनादि और अनंत है। उसमें किसी प्रकार का रेखीय प्रारंभ या अंत नहीं। पर मनुष्य के अनुभव की सरलता के लिए, समय को खंडों में बाँटा गया है। नववर्ष का आरंभ मन को यह अवसर देता है कि वह अपनी साधना को नए उत्साह से पुनः आरंभ करे। यह वह क्षण है, जो क्षण मात्र होते हुए भी, अनंत संभावनाओं का द्वार खोल देता है।

नववर्ष का दर्शन : जैन आगमों में समय को चक्राकार माना गया है। उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी रूप में समय निरंतर चल रहा है। समय की यही अनवरत गति जीव को कर्मबंध से मुक्त होने की प्रेरणा देती है। नववर्ष उसी समयचक्र का एक सूक्ष्म, पर महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह वह पल है, जब जीव अपने बीते हुए कर्मों के प्रति सजग होकर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ सकता है।

कैलेंडर बदलना केवल बाहरी घटना है, पर मन बदलना आंतरिक साधना है। नववर्ष बाहरी परिवर्तन की नहीं, आंतरिक जिजीविषा की पुकार है। हर मनुष्य इस पुकार को सुन सकता है, यदि वह अपने भीतर उतरकर अपने अंतरतम को स्पर्श कर सके। यही वह क्षण है जब जीव अपने भीतर प्रश्न करता है, 'मैं क्या था, क्या हूँ और क्या बनना चाहता हूँ?' यह आत्मदर्शन नववर्ष की वास्तविक संपदा है।

नववर्ष और जैन साधना : जैन संस्कृति में वर्ष केवल समय-मापन का उपकरण नहीं। यह साधना का चक्र है। हर नया वर्ष निम्न तीन मूल बिंदुओं पर पुनर्जागरण का अवसर देता है:-

क्षमा : क्षमा जीवन का सबसे पवित्र अलंकार है। जैन साधना सिखाती है कि क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान, द्वेष जैसे मानसिक विकार आत्मा की ज्योति को धूमिल कर देते हैं। नववर्ष वह क्षण है, जब मनुष्य अपने भीतर छिपी छोटी-बड़ी कटु स्मृतियों को छोड़कर आत्मा को हल्का कर सकता है।

अनेक लोग नववर्ष पर संकल्प तो लेते हैं, पर स्मृति के बोझ उतारना भूल जाते हैं। क्षमा वही चाबी है जो आत्मा के द्वार खोलती है।

संयम : संयम, जैन दर्शन का मूल स्तंभ है। यह केवल भोजन, वाणी या व्यवहार का संयम नहीं, बल्कि विचारों का भी संयम है। नववर्ष यह संदेश देता है कि जीवन तब सुंदर होता है, जब मनुष्य अपने भीतर की उथल-पुथल को शांत करना सीख लेता है। संयम वह दीपक है जो अंधकार में भी मार्ग दिखाता है।

आत्मविकास : जैन साधना मानती है कि हर जीव में अनंत क्षमता है। नववर्ष इस क्षमता को जगाने का अवसर है। यह समय है आत्म अनुशासन, ज्ञान, ध्यान, स्वाध्याय और सेवा की राह पर दृढ़ता से आगे बढ़ने का। जो व्यक्ति अपने भीतर की शक्तियों को पहचानता है, वह नए वर्ष को केवल वर्षों की गिनती नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति का पर्व बना लेता है।

प्रकृति का नवजीवन : नए वर्ष की सुबह केवल मनुष्य जगता नहीं। प्रकृति भी अपने नये स्वरूप की तैयारी करती है। पत्तों पर ओस की बूँदें मोतियों की तरह चमकती हैं। हवा में एक अनकही ताजगी होती है। पक्षियों के कलरव में एक नई लय सुनाई देती है। प्रकृति मानो कह रही होती है, "जीव मात्र, उठो। नया समय तुम्हारा इंतजार कर रहा है।" जैन परंपरा सिखाती है कि जीव और प्रकृति का संबंध अटूट है। जिसे हम नववर्ष कहते हैं, वह केवल मानव समाज का उत्सव

नहीं, बल्कि प्रकृति की अथाह ऊर्जा का विस्तार है। प्रकृति लगातार नए रूप धारण करती है। मनुष्य उसी से सीखता है कि परिवर्तन जीवन का आधार है।

नववर्ष और अहिंसा की पुनर्पुष्टि : जैन परंपरा में अहिंसा केवल व्यवहार नहीं, दर्शन है। नववर्ष का आगमन इस बात का अवसर है कि हम अपनी हिंसा, चाहे वह वाणी की हो, विचारों की हो या कर्म की, पहचाने और उन्हें छोड़ने का संकल्प लें। आज विश्व में जितने संघर्ष हैं, उनमें सबसे बड़ा योगदान मन की हिंसा का है। नववर्ष वह अवसर है जब हम अपने भीतर यह प्रश्न जगा सकते हैं। क्या मेरा अस्तित्व दूसरों के लिए सुख का कारण है या दुख का? यह प्रश्न किसी व्यक्ति को नहीं, स्वयं को बदलने की शुरुआत करता है। जैन दर्शन कहता है कि संसार बदलने का मार्ग व्यक्ति को बदलने से होकर जाता है। इसलिए नए वर्ष में अहिंसा को जीवन का आधार बनाना सबसे बड़ा संकल्प हो सकता है।

स्मृतियां और नव वर्ष : हर वर्ष जीवन हमें अनगिनत अनुभव देता है। कुछ अनुभव प्रसन्नता देते हैं, कुछ पीड़ा, कुछ आशंकाएँ, कुछ उम्मीदें। मनुष्य अक्सर इन अनुभवों को ढ़ोता रहता है और धीरे-धीरे वे बोझ बन जाते हैं।

नववर्ष उन बोझों को पहचानने का समय है। आत्ममंथन केवल दुःख याद करने का नाम नहीं। यह अपनी यात्रा के हर पड़ाव को समझने का नाम है। जो व्यक्ति अपने अनुभवों को श्रद्धा से स्वीकार करता है, वह नववर्ष की नई सुबह का स्वागत पूरी सजगता से कर पाता है। स्मृतियों का सम्मान आवश्यक है, लेकिन उनसे बँध जाना उचित नहीं। नववर्ष स्मृतियों को छोड़कर नहीं, उन्हें नए अर्थ देकर आगे बढ़ने का अवसर है।

नव संकल्प और जैन अनुशासन : संकल्प लेना सरल है। उन्हें निभाना कठिन। जैन धर्म संकल्प की नहीं, स्व-संकल्प की बात करता है। यह भीतर से उठने वाली प्रेरणा है, बाहरी दिखावे की नहीं। जैन अनुशासन हमें यह बताता है कि छोटे संकल्प बड़े परिणाम देते हैं, निरंतरता तेज गति से अधिक महत्वपूर्ण है, संयमित जीवन में कठिनाइयाँ कम होती हैं, नियमित स्वाध्याय मन को स्थिर रखता है, ध्यान व्यक्ति को कर्मबंध से मुक्त करने की दिशा में ले जाता है। नववर्ष में यदि व्यक्ति प्रतिदिन दस मिनट भी आत्मदर्शन का अभ्यास कर ले, तो उसका संकल्प स्थिर हो जाता है।

समाज और नव वर्ष : जैन समाज ने सदियों से यह संदेश दिया है कि समाज सुधार व्यक्ति-परिवर्तन से शुरू होता है। नव वर्ष एक ऐसा अवसर है जब लोग एक-दूसरे को शुभकामना देते हैं। शुभकामना केवल शब्द नहीं, उस भावना का प्रतीक है जिसमें हम दूसरे की आत्मा के कल्याण की प्रार्थना करते हैं।

सामूहिक चेतना तभी निर्मल होती है जब व्यक्ति की चेतना निर्मल हो। जैन समाज इस दिशा में अनूठी भूमिका निभा सकता है। नव वर्ष के अवसर पर समाज निम्न कार्यों में सहभागिता कर सकता है:-

पर्यावरण संरक्षण, जीव दया और पशु-सेवा, अध्ययन, प्रवचन और स्वाध्याय का आयोजन, संयम जीवन की प्रेरणा, युवाओं को जैन संस्कृति से जोड़ना, नशा, हिंसा, कटुता और आधुनिक भटकावों से बचाव का मार्गदर्शन, नववर्ष का उत्सव तभी सार्थक है जब वह केवल हर्ष का नहीं, हित का भी हो।

आध्यात्मिक दृष्टि से नव वर्ष : जैन दर्शन का मूल सिद्धांत है अनित्य। जो आज है वह कल बदलेगा ही। जो बदलेगा नहीं, वह आत्मा है। इसीलिए नववर्ष मनाते समय यह समझना आवश्यक है कि परिवर्तन बाहरी है, पर स्थिरता भीतर है। परिवर्तन को स्वीकार करना ही नववर्ष का वास्तविक ज्ञान है। जो व्यक्ति इस सत्य को समझ लेता है, वह दुःख से दूर रहता है। क्योंकि दुःख का मूल कारण परिवर्तन को न स्वीकारना है।

नववर्ष आत्मा की चेतना को जगाने का अवसर है। जीव को उसके वास्तविक स्वरूप की याद दिलाने का अवसर है। एक ऐसा अवसर जो कहता है: - तुम अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत सुख और अनंत शक्ति के स्वामी हो। नववर्ष जीव को उसके इस दिव्य पक्ष की याद दिलाता है।

ध्यान, मौन और नववर्ष : नववर्ष के आरंभ में कुछ क्षण मौन में बैठना अद्भुत अनुभव है। मौन कोई कमजोरी नहीं। मौन आत्मा की भाषा है। ध्यान उसके अर्थ समझने की कला। जैसे ही व्यक्ति आँखें बंद करता है, भीतर एक शांति उतरती है। विचार धीरे-धीरे शांत होते हैं।

धीरे-धीरे मन स्वयं को पहचानने लगता है। ध्यान जैन साधना का हृदय है। नववर्ष का स्वागत ध्यान के माध्यम से करना एक प्रकार से आत्मा के द्वार पर दीप जलाने जैसा है। यह दीपक हमें मार्ग दिखाता है कि आने वाला वर्ष कैसे अधिक सार्थक बनाया जाए।

सेवा और नववर्ष : जैन परंपरा में सेवा का स्थान सर्वोच्च है। सेवा आत्मा को परिष्कृत करती है। यह अहंकार को गलाती है। नववर्ष समाज और जीवों के प्रति नई सेवा की भावना जगाने का अवसर है। सच्ची सेवा वही जो बिना नाम, बिना प्रसिद्धि, बिना दिखावे की हो। जो व्यक्ति दूसरों के जीवन को सरल बनाता है, वह जीवन के कर्मबंध को हल्का कर लेता है। नववर्ष में सेवा के स्वरूप को इस प्रकार विस्तारित किया जा सकता है:-

गौशालाओं में योगदान, गरीब विद्यार्थियों को शिक्षा-सहायता, बीमार और वृद्ध जनों की सहायता, जल, वायु और पर्यावरण की रक्षा, पशु-पक्षियों के लिए जल-पात्र और दान, सामूहिक रसोई, दवाइयों और अन्य कल्याणकारी कार्य।

जीवन एक यात्रा, नववर्ष एक पड़ाव : जीवन का प्रत्येक वर्ष हमें कुछ देता है और कुछ ले जाता है। कुछ स्मृतियाँ चिरस्थायी हो जाती हैं। कुछ क्षण पलक झपकते ही बीत जाते हैं। पर जीवन की यात्रा उसी प्रवाह में सुंदर बनती है।

नववर्ष इस यात्रा का नया अध्याय है। एक ऐसा अध्याय जिसे हम अपनी इच्छानुसार लिख सकते हैं। जैन दर्शन हमें यह शक्ति देता है कि हम अपनी यात्रा को सदाचार, संयम और अहिंसा से सुसज्जित करें। नए वर्ष में यदि व्यक्ति यह निर्णय ले कि वह अपने भीतर की अशुद्धियों को पहचानकर उन्हें कम करेगा, तो उसकी जन्म-जन्मान्तर की साधना सार्थक हो सकती है।

आत्मा के उत्थान की आंतरिक आवाज : जब नए वर्ष की पहली प्रातः आती है, तो ऐसा लगता है कि भीतर एक मौन घंटी बजी है। यह घंटी किसी मंदिर की नहीं, आत्मा की है।

यह हमें पुकारती है कि उठो, जागो, आगे बढ़ो। प्रत्येक नववर्ष आत्मा का वह निमंत्रण है जो कहता है अपने भीतर छिपे प्रकाश को पहचानो। अपने मन के अंधकार को दूर करो। अपने जीवन को संयम, सेवा और साधना से प्रकाशित करो। यही नववर्ष का शाश्वत संदेश है। ❖❖

अभिमानी के मन में प्रदर्शन की भावना

अभिमानियों का मन इतना संकीर्ण एवं तुच्छ होता है कि वह दूसरों की तरक्की देखकर जलने लगता है। वह दूसरों के घमण्ड को घृणा की दृष्टि से देखता है, दूसरों की प्रतिष्ठा उसे खटकती रहती है, दूसरे का अत्यधिक सम्मान उसे काँटे की तरह चुभता है। वह दूसरों को नीचे गिराकर या दुनिया की नजरों में दूसरों को नीचा दिखाकर उसकी नींव पर अपनी प्रतिष्ठा का महल खड़ा करने का प्रयत्न करता है। अहंकारी व्यक्ति ही अधिक बोलते हैं, वे ही अपना पाण्डित्य प्रदर्शित करने के लिए दूसरों से वाद-विवाद करने के लिए कमर कसे रहते हैं। ऐसे अभिमानी एवं अहंकारी लोगों को प्रदर्शन की बीमारी लगी रहती है। वे जब देखो, तब अपनी अहंकारी भूख मिटाने के लिए कोई न कोई आडम्बर करते रहते हैं। दिखावे से उनको इतना अधिक प्रेम होता है कि अगर उनकी दृष्टि में यह आ जाए कि दूसरा उनसे अधिक बाजी मार रहा है तो वे अपना सर्वस्व खर्च करके, दूसरों से उधार लेकर भी अपना प्रदर्शन करके अपना बड़प्पन दिखाते रहते हैं। अपनी हैसियत नहीं होने पर अभिमानी दुनिया की जबान से अधिक शक्तिशाली, धनवान, या बुद्धिमान अथवा चारित्रवान कहलाने के लिए या दुनिया की नजरों में श्रेष्ठ जँचने के लिए अपना सर्वस्व झोक देता है।

एक गरीब स्त्री एक दिन किसी सेठ के यहाँ गई। सेठानी ने चूड़ा पहन रखा था। वह हाथीदाँत का बना हुआ और बहुत ही बढ़िया था। पड़ौसिनें उसे देखने आ रही थीं और सेठानी को बधाइयाँ देने वालों का तांता लग रहा था। गरीब महिला ने जब यह रंग ढंग देखा तो मन में सोचा 'मैं भी क्यों न हाथीदांत का चूड़ा पहनूँ और पड़ोसियों से बधाइयाँ प्राप्त करूँ।' बस क्या था, घर आते ही उसने अपने पति से कहा- 'मुझे हाथी दांत का चूड़ा ला दो। 'पति ने कहा- 'देखती नहीं, घर की परिस्थिति कैसी है? यहां तो पेट भी कठिनाई से भरता है और तुम्हें हाथीदांत का चूड़ा चाहिए' ❖❖

नववर्ष और युवा चेतना

- **विपुल जैन**-राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, जैन कॉन्फ्रेंस

नववर्ष मानव जीवन की निरंतर यात्रा का वह सोपान है, जहाँ समय अपनी पुरातन लय को पीछे छोड़कर नये स्वरूप में प्रवाहित होता है। मनुष्य का जीवन स्वभावतः परिवर्तनशील है, परन्तु नववर्ष का आगमन इस परिवर्तनशीलता को आत्मस्वीकृति का रूप प्रदान करता है। जो बीत गया, वह इतिहास बन जाता है और जो आने वाला है, वह संभावनाओं का अवसर है। प्रत्येक नववर्ष जीवन के मध्य खड़ा होकर हमें स्मरण कराता है कि समय किसी के लिये नहीं ठहरता, किन्तु मनुष्य के लिये अनन्त अवसर सदैव उपस्थित रहते हैं।

इस लेख का उद्देश्य मात्र नववर्ष का स्वागत करना नहीं है, बल्कि युवा शक्ति को यह बोध कराना है कि उनके भीतर निहित ऊर्जा समाज, राष्ट्र और समग्र मानवता के लिए किस प्रकार एक दीर्घकालिक योगदान का आधार बन सकती है। युवा मन में नये वर्ष के प्रति जो उत्साह उमड़ता है, वही उत्साह यदि संकल्प में परिणत हो जाए, तो वह महान उपलब्धियों का प्रारम्भ बन सकता है।

मानव समाज में समय का विभाजन पर्वों और वर्षों के माध्यम से एक विशिष्ट संस्कार की भांति जीवन के हर आयाम में उपस्थित रहा है। नववर्ष केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं है, वह मन की दशा का परिवर्तन भी है। भारतीय संस्कृति में 'नव' शब्द सदैव नवीनता के पर्यायस्वरूप प्रतिष्ठित रहा है। नववर्ष का उत्सव हमें यह संदेश देता है कि जीवन रूढ़ि नहीं, सतत् विकास की साधना है।

युवा वर्ग के लिये यह महत्त्व इसलिए भी अधिक है कि इस कालखंड में मनुष्य की मानसिक और शारीरिक ऊर्जा अपने चरम पर होती है। इस ऊर्जा का सुव्यवस्थित प्रयोग ही विकास का आधार है। यदि युवा मन संकल्पित हो जाए, तो वह किसी भी समाज की दिशा और दशा को परिभाषित कर सकता है।

युवा और नववर्ष : समय का प्रवाह सभी के लिए समान है, परन्तु युवा ही वह वर्ग है, जो इस प्रवाह को सबसे अधिक गति और अर्थ प्रदान करता है। वृद्ध के लिए समय अनुभव का दर्पण है, तो बालक के लिए कल्पना का, परन्तु युवा के लिये समय अवसर का पर्याय है।

युवा मन में उमड़ती आकांक्षाएँ, संघर्ष की ज्वाला और नये क्षितिजों को छूने की लालसा, समय की ऊर्जा से होकर ही विस्तृत होती है। समय का यह चरण उनके जीवन निर्माण का आधार है। यदि इस काल में युवा अपने लक्ष्य और कर्तव्य के प्रति सजग हो जाए, तो एक सम्पूर्ण समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त होता है।

युवा के पास न केवल ऊर्जस्विता है, बल्कि परिवर्तन को स्वीकार करने की क्षमता भी है। यही उन्हें अन्य पीढ़ियों से अलग करती है। नववर्ष के प्रथम क्षण जब युवा मन में आशा के फूल खिलते हैं, तब वह मनुष्य की इच्छाशक्ति का सर्वोत्तम स्वरूप बन जाता है।

नववर्ष और आत्मचिंतन : नववर्ष आत्मचिंतन का पर्व है। मनुष्य के भीतर झाँकने वाली दृष्टि तभी विकसित होती है जब वह अपने अतीत की सफलताओं और असफलताओं का शान्त मन से मूल्यांकन कर सके। यह प्रक्रिया विशेषतः युवाओं के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

युवा को चाहिए कि वह अपने पिछले वर्ष की उपलब्धियों का सूक्ष्म अवलोकन करे, अपने कार्यों की सीमाएँ पहचाने और भविष्य की दिशा के लिए उपयुक्त मार्ग का चयन करे। यह चिंतन केवल लक्ष्य निर्धारण नहीं है, बल्कि मन की स्थिरता और विवेक को विकसित करने का भी साधन है।

जिस युवा के भीतर आत्मचिंतन का संस्कार विकसित हो जाता है, वह भ्रम, आकर्षण और अस्थिरता के दलदल में कभी नहीं फँसता। वह जानता है कि उसका जीवन केवल उसकी इच्छाओं का परिणाम नहीं है, बल्कि उसके परिश्रम, अनुशासन और मूल्यबोध का भी फल है।

स्वप्न और संकल्प : नववर्ष युवा मन में स्वप्न का संचार करता है, परन्तु स्वप्न मात्र कल्पनाएँ नहीं होने चाहिए। स्वप्न तब सार्थक होते हैं जब वे संकल्प के आधार पर खड़े हों।

संकल्प वह शक्ति है जो मनुष्य को लक्ष्य की ओर निरंतर प्रवाहित करती है। स्वप्न दिशा देते हैं और संकल्प गति। युवा

यदि केवल स्वप्न देखे और संकल्प न करे, तो उसकी यात्रा अधूरी रह जाती है। यदि केवल संकल्प करे और स्वप्न न देखे, तो उसकी यात्रा निरर्थक हो जाती है। इसलिए नववर्ष का प्रथम और प्रमुख उपहार यह है कि युवा अपने भीतर स्वप्न और संकल्प दोनों का संतुलन स्थापित करे।

शिक्षा, ज्ञान और नववर्ष : युवा के लिए ज्ञान वह दीपक है, जो जीवन के अंधकार को मिटाता है। नववर्ष इस दीपक में नये घटक जोड़ने का अवसर है। शिक्षा केवल कक्षाओं में बैठकर अर्जित नहीं होती। शिक्षा वह है जो हमें सोचने, समझने और करने की क्षमता देती है।

युवा को चाहिए कि वह नये कौशल सीखे, नये विचारों को स्वीकार करे और अपनी ज्ञान-सीमा का निरंतर विस्तार करे। विश्व का ज्ञान-परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। जो युवा इस परिवर्तन के साथ नहीं चलता, वह पीछे रह जाता है। नववर्ष का संदेश यही है कि युवा केवल डिग्री का संग्रह न करे, बल्कि ज्ञान का अर्जन करे।

राष्ट्रनिर्माण में युवा की भूमिका : युवा किसी भी राष्ट्र की आत्मा होते हैं। उनकी विचारधारा, उनका उत्साह और उनकी कर्मठता राष्ट्र की प्रगति का आधार है। नववर्ष युवा को यह स्मरण कराता है कि उनका जीवन केवल व्यक्तिगत सुख तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का बोध होना चाहिए। युवा यदि चरित्र में दृढ़ हों, विचारों में पवित्र हों, और कार्यों में ईमानदार हों, तो वे राष्ट्र के लिये अनमोल धरोहर बन सकते हैं।

तकनीक और नववर्ष : वर्तमान युग तकनीकी युग है। युवा के हाथ में अब केवल कलम नहीं, बल्कि ज्ञान की अनंत संभावनाएँ हैं। नववर्ष युवाओं को यह अवसर देता है कि वे तकनीक का सदुपयोग करें।

तकनीक केवल साधन है, लक्ष्य नहीं। इसका प्रयोग शिक्षा, समाज सेवा, नवाचार, और उद्यमिता के लिए होना चाहिए। युवा को यह समझना चाहिए कि तकनीक मनुष्य को सुविधा देती है, परन्तु विचार, विवेक और मूल्य वही हैं जो समाज को उन्नति की ओर ले जाते हैं।

अनुशासन : युवाओं में ऊर्जा प्रचुर होती है, परन्तु ऊर्जा का सही प्रयोग तभी होता है जब वह अनुशासन के साथ संयमित हो। नववर्ष का संकल्प केवल बड़े लक्ष्य लिखने का नहीं है, बल्कि दैनिक जीवन में अनुशासन को स्थायी रूप से अपनाने का भी है। अनुशासन ही वह साधन है जिसके माध्यम से किसी भी मुश्किल लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे ऊर्जा और अनुशासन का तालमेल बना कर आगे बढ़ कर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति करें। अनुशासन वह शक्ति है जो मनुष्य को कठिन परिस्थिति में भी स्थिर रखती है।

प्रेरणा का स्रोत : प्रेरणा बाहरी वस्तु नहीं है, वह मन के भीतर छिपी होती है। प्रकृति का सौन्दर्य, साहित्य का अमर संसार और जीवन के अनुभव, इन तीनों से युवा असीम प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। साहित्य मन को संवेदनशील बनाता है। प्रकृति मन को शांत करती है और जीवन के अनुभव उसे प्रौढ़ता देते हैं। आत्मविश्वास मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। यह धन धन-संपत्ति से कहीं अधिक मूल्यवान है। नववर्ष युवा को यह अवसर देता है कि वह अपने भीतर उपस्थित दुर्बलताओं को पहचाने और आत्मविश्वास के साथ उन्हें दूर करे।

नववर्ष का आह्वान - समग्र विकास : समग्र विकास का अर्थ केवल आर्थिक उन्नति नहीं है, बल्कि मानसिक, भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास भी है। युवा को चाहिए कि वह कुसंगति से दूर रहें, नशे और बुरी आदतों का त्याग करें, जीवन में उच्च्य आदर्शों का लक्ष्य बनाएँ उनकी प्राप्ति के लिए रणनीति बनायें, अपने उच्च्य लक्ष्यों को प्राप्त करके समाज के लिए आदर्श बनें। अपने शरीर का ध्यान रखे, मन को शांत रखे और विचारों को उच्च्य बनाए।

नववर्ष युवा को यह संदेश देता है कि जीवन कर्म का पथ है। समय हाथ से फिसलता है, परन्तु कर्म से जीवन ठहरता है। जो युवा अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ हो जाए, वह किसी भी ऊँचाई तक पहुँच सकता है। समाज को आज ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो दूरदर्शी हों, परिश्रमी हों, विवेकशील हों और मानवता के प्रति समर्पित हों।

❖❖

अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें

- **संजीव जैन,** करनाल (हरियाणा)

धन्यवाद और कृतज्ञता के भावों में भरकर, अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें।
श्रद्धा व समर्पण से होकर ओत-प्रोत,
माता-पिता की अपने सेवा-सुश्रूषा कर लें।।

❖❖

जन्म देकर इस धरा पर जो लाए हमें, रात-दिन एक करके जिन्होंने था पाला हमें।
उनकी इस लगन, प्रेम व समर्पण का,
हृदय की अनंत गहराइयों से हम बहुमान कर लें।।
धन्यवाद और कृतज्ञता के भावों में भरकर,
अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें।।

❖❖❖❖

खुद गीले में सोकर सूखे बिस्तर पर हमें सुलाया, खाना-पीना व बोलना जिस माँ ने सिखाया।
पहली गुरु अपनी उस मातेश्वरी का,
कहीं भूलकर भी न हम अपमान कर लें।।
धन्यवाद और कृतज्ञता के भावों में भरकर,
अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें।।

❖❖❖❖❖❖

उँगली पकड़कर जिसकी सीखा हमने चलना, चाहा जिसने हमारी हर इच्छा को पूरा करना।
आकाश से ऊँचे उस पितृदेव महान का,
भक्ति-भावों में डूबकर गुणगान कर लें।।
धन्यवाद और कृतज्ञता के भावों में भरकर,
अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें।।

❖❖❖❖❖❖❖❖

अनगिनत कहानियाँ जिन्होंने हमको सुनाई, प्यार की अपने बेपनाह दौलत लुटाई।
दादा-दादी और नाना-नानी को पूजकर,
हासिल खुशियों का हम आसमान कर लें।।
धन्यवाद और कृतज्ञता के भावों में भरकर,
अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें।।

❖❖❖❖❖❖❖❖❖❖

अपना जीवनाधार जिन्होंने हमें मान लिया है, अच्छे विचारों व संस्कारों का हमें ज्ञान दिया है।
'संजीव' भूलकर उन संस्कारों को हम कहीं,
जीवन मूल्यों का अपने ना अवमान कर लें।।
धन्यवाद और कृतज्ञता के भावों में भरकर,
अपने बड़े-बुजुर्गों का हम सम्मान कर लें।।

जीवन का परिष्कार करें

- **डॉ. एन.के. खीचा**-सीनियर फेलो, आई.सी.एस.एस.आर.

इच्छाऐं आकाश के समान अनन्त हैं। कामना अशान्ति कारक है। तृष्णा, लिप्सा भयावह है। कामना सब अनर्थों की जड़ है। कामनाओं का परित्याग करें। भोगवृत्ति को क्षीण करें। भोग प्रवृत्ति को मिटा डालें। ममत्व हटावें। मानव जीवन ही मूलधन है। ज्ञान का ऐश्वर्य बढ़ायें। अणुव्रती बनकर आगे बढ़ें। पंचमहाव्रती बनने का प्रयास करें। ऐसा आचरण करें जैसा स्वयं के लिए चाहते हैं। माया सहस्त्रों सत्य को नष्ट कर देती है। माया और मृषावाद से लोभ बढ़ता है। लोभ दुर्गण है। लोभ सभी गुणों को नष्ट कर देता है। लोभ प्रवृत्ति को सन्तोष से जीतें, विवेकवान् बनें। जीवन और धन पानी के बुलबुले के समान है, आसक्ति त्यागें। विश्व के प्रति समभाव रखें। समानता का भाव ही समभाव है, चरित्र है। अपनी वृत्तियों का परिष्कार करें। जीवन शैली में प्रमाद न करें। यतनाशील बनें, विवेकशील बनें, प्रज्ञा जगावें। सम्यक् आजीविका करें।

समता का अर्थ है-समानता का भाव। समभाव ही चरित्र है। वासना की आग से बचें। जीवन शैली के सूत्र हैं-सम्यक् दर्शन, अनेकान्त, अंहिसा, श्रम, इच्छा परिमाण, सम्यक् आजीविका। कर्म से किसी को कष्ट न दें। दुःख का मूल कारण है कषाय। परिग्रह तथा लोभ, दुःख के कारण हैं। लोभ पर अलोभ से विजय प्राप्त करें, कषाय कम करें। इन्द्रियों का संयम बरतें। मोह-मूर्च्छाभाव ही परिग्रह हैं। जो परिग्रह का अनुमोदन करता है, वह दुःखों से मुक्त नहीं हो सकता।

ममता परिग्रह है, समता धर्म है। समता से पराधीनता मिटती है। आवश्यक परिसीमन का सिद्धान्त पालनीय है। अपरिग्रह से कामना, इच्छा, तृष्णा तथा चाह को स्वनियंत्रित किया जा सकता है। परिग्रह से अतृप्त, लोभप्रवृत्ति से कपट और झूठ बढ़ता है। धन को दुःख, ममत्व और बंधन का कारण समझें। जिसने मोह, लोभ तथा तृष्णा का त्याग कर दिया वह अंकिचन है। द्वेष-भाव, राग-मोह से बचें। प्रतिक्रिया रहित जीवन, समभाव है। अति-संग्रह दोष का कारण है। अतः यतना से रहें। धन से त्राण नहीं है। 'अर्थ' अनर्थ का मूल है। ललचाई दृष्टि से पराई वस्तुओं को न देखें।

अधिकार भाव ही मूर्च्छा है, परिग्रह है। पापवृत्ति से अर्जित धन, घोर अनिष्ट की ओर ले जाता है। अतः लोभ त्यागें। जीवन में समभाव रखें। जीवन का समय रहते परिष्कार करें। जो बीत रहा है, वह केवल समय नहीं बल्कि जीवन है। जिंदगी को जंग न लगने दें। जैसा सोचेंगे, वैसा बनेगें। पहले अपने मन का रूपानान्तरण करें। अर्न्तमुखी बनें मनोबल को ऊँचा रखें। सोचें श्रेष्ठता (EÛcellence) कैसे मिले? विचार करें! साधना का स्पष्ट लक्ष्य क्या है? भावना परिवर्तन करें। दोषों को जानकर, विशुद्धि का लक्ष्य रखें। स्वयं के भीतर का वातावरण सुन्दर सरस बनाने के लिए अर्न्तमुखी (Introvert) बनें। अतः चेतना को जगायें। यांत्रिक मानव मन न बनें। जीवन जीने का नजरिया बदलें। गुण तन्त्र ही विकल्प है। ज्ञान ही मुक्ति है।

जीवन शुद्धि का मार्ग है-संयम। प्राणी संयम कायरता नहीं है। संयमवृत्ति से धन और सत्ता का विकीरण होता है। हमारे मनोभाव संयममय हो। संयम भारतीय संस्कृति की बुनियाद है। संयम से परस्परोपग्रहों जीवानाम् साकार होता है।

गृहस्थ जीवन में संसार की आपाधापी के बीच संयम इकलौता जीवन जीने का मार्ग है। संयम शुभक्रिया है। संयममय आचरण ही परम पुरुषार्थ है। संयममयी जीवन का पालन करने से कुछ मत चाहो, काम आ जाओ फलित होता है। क्योंकि अत्यधिक परिग्रह महाग्रंथि है, प्रमाद है, मूर्च्छा है। सफल जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि यतनाचार, विवेक, होशपूर्वक कृत्य करें। 'वेरम मज्झम ण केणई अर्थात् मेरा किसी के साथ वैर या विरोध नहीं है। अतः संयममय जीवन आन्तरिक प्रकाश (Inner light) है। संयम Light House है। संयममय जीवन सामाजिक संतुलन (Social Equilibrium) है। संयम का सम्बन्ध हृदय से है। संयम जीवन जीने की कला है। संयम-जीवन की कमियाँ है। संयममय जीवन-जीवन का अहोभाव है। संयम से न्यूरोन्स (Neuron/Neurone) सक्रिय (Activate) हो जाते हैं। संयममय जीवन जीने से पद्म लेश्या (Padam Lesha) विकसित होती है, जो जीवन का परम लक्ष्य (Ultimate Objective) है। अतः संयममय जीवन का नवनीत है। संयम से व्यक्ति का रोम-रोम पुलकित हो जाता है। संयम जीवन की ऊर्जा है। संयम जीवन के रूपानान्तरण (Transformation) की दिशा में पहला कदम है। कुन कुन जीने से क्या लाभ है? अतः जीवन का परिष्कार करें।

❖❖

50वें स्वर्ण संयम दिवस पर विशेष...

हमारे महान आदर्श : आगमज्ञाता उपाध्याय प्रवर पू. श्री जितेन्द्रमुनि जी म.सा.

- **रीचा संदीप जैन**, राष्ट्रीय महिला महामंत्री-जैन कॉन्फ्रेंस

भारतीय संस्कृति में सन्त जीवन को एक महान् आदर्श रूप में स्वीकार किया गया है। संयम और संस्कृति की धाराओं में प्रवाहमान सन्त जीवन व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए वरदान होता है। सन्त तत्त्व ने अपनी अलौकिक, अप्रतिम (प्रतापपूर्ण) प्रतिभा और ऊर्जस्वल व्यक्तित्व के द्वारा जिस प्रशस्त पथ का निर्माण किया है। उसका सार्वकालिक महत्त्व है।

सन्त मानवता के साकार रूप हैं। संयम और संस्कृति के समुज्ज्वल प्रतीक हैं। भूले भटके राहियों के लिए प्रकाश-स्तंभ हैं। प्रेम और करुणा की सतत् प्रवाहित होने वाली मंदाकिनी हैं। वर्तमान अणुयुग की चीत्कार एवं हाहाकार के स्थान पर प्रेम और समभाव की साधना के अमर सन्देशवाहक हैं। सत्य, अहिंसा, क्षमा, शान्ति, संयम और सदाचार की नव्य-भव्य कमनीय भावनाओं का आदर्श मूर्तरूप संत होता है। ऐसे ही श्रेष्ठ सन्त रत्नों की श्रेणी में आगम ज्ञाता, आगम पुरुष, श्रमण संघीय उपाध्याय श्री जितेन्द्र मुनिजी म.सा. का नाम अग्रगण्य है।

श्रद्धेय उपाध्याय प्रवर का जन्म देवभूमि हिमाचल प्रदेश में हुआ। हिमाचल प्रदेश अपनी मनोरम प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध-संस्कृति और आध्यात्मिक महत्त्व के लिए जाना जाता है। आपका जन्म ऊना जिले की तहसील अम्ब के अंतर्गत जोह गांव में प्रतिष्ठित राजपूत परिवार में हुआ। दिनांक 31 जनवरी सन् 1957 अर्थात् 18 माघ विक्रम संवत् 2013 अमावस्या के दिन आपने सरलमना श्रीमान् वकील सिंह जी की धर्मपत्नी श्रीमति व्यासा देवी के घर जन्म ग्रहण किया। श्रीमति व्यासादेवी जी की पावन कुक्षि पुत्री नसीबदेवी तथा पुत्र चतुरसिंह जी के पश्चात् आप जैसे पुण्यशाली शिशु को जन्म देकर धन्य हो गई। आप के बाद माता ब्यासा देवी जी ने पुष्पाजी, कमलेशजी, रामसिंहजी (तपस्वी श्री रमणमुनि जी म. सा.) तथा अश्विनी जी चार बच्चों को जन्म दिया।

आपके जन्म के पश्चात् घर में चहुँ ओर खुशियों का वातावरण था। आप सरीखे पुण्यशाली जीव को जन्म देकर माता व्यासा देवी को आभास हो रहा था जैसे उसने सारी पृथ्वी के सुख को प्राप्त कर लिया हो। आनन्द व आह्लाद के क्षणों में माता-पिता ने आपका नाम पृथ्वी सिंह रखा। उस समय उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि उनका भाग्यशाली पुत्र इस पृथ्वी पर श्रमण परंपरा में मुनि बनकर निर्भीक संयमी सिंह की भाँति विचरण करेगा।

पूज्य श्री जगदीशमुनि जी म.सा. ने आपकी दीक्षा के लिए तिथि सुनिश्चित की 7 दिसंबर 1975, रविवार का पावन दिन। आगम ज्ञाता, आगम पुरुष, हिमाचल केसरी उपाध्याय भगवन श्री जितेन्द्रमुनि जी म.सा. का जीवन जिनशासन की अनन्य साधना, गहन अध्यात्म-निष्ठा और निरंतर अध्ययन-मनन का उज्ज्वल उदाहरण है। बचपन से ही उनमें धर्म, अध्ययन और स्वच्छ चरित्र के गहरे संस्कार रहे हैं, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से साधु-पथ की ओर ले आए। गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी वे सत्य, करुणा और संयम की साधना से जुड़े रहे और अंततः धर्म मार्ग की पुकार स्वीकार कर दीक्षा ग्रहण की। प्रारंभिक आयु से ही अध्ययन, आगम-वाचन और आत्मचिंतन की उनकी रुचि सभी को प्रभावित करती रही है।

दीक्षा के बाद से वे कठोर तप, शास्त्र-अध्ययन और आगम-प्रवचन को अपने जीवन का केन्द्र बनाए हुए हैं। जैन आगमों के प्रति उनकी श्रद्धा, असाधारण स्मरण-शक्ति और अध्ययन-पद्धति ने उन्हें साधु-समाज में प्रतिष्ठित स्थान दिलाया है। आगम, तत्त्वज्ञान, प्राकृत, न्याय और सिद्धांतों पर उनका अधिकार आज भी साधु-संघ और समाज के लिए प्रेरणा है। वे निरंतर जिनवाणी का संदेश जन-जन तक पहुँचाने, साधुओं का मार्गदर्शन करने और श्रावक-श्राविकाओं को धर्म के प्रति जागृत करने में तत्पर हैं।

उनकी प्रवचन-शैली सरल, भावनापूर्ण और अत्यंत प्रभावशाली है। जहाँ भी वे विहार करते हैं, वहाँ ज्ञान-प्रबोधन की अमिट छाप छोड़ जाते हैं। असंख्य परिवार उनके उपदेशों से संयम, करुणा और नैतिक जीवन की ओर प्रेरित हो रहे

हैं और अनेक युवा अध्यात्म-पथ की ओर अग्रसर हुए हैं।

मुनिश्री जी का सिद्धांत-ज्ञान अत्यंत व्यापक है-आगम, भाषा-शास्त्र, तर्क, इतिहास और व्याकरण तक। शास्त्रार्थ और तत्त्व-चर्चाओं में उनकी पकड़ अद्भुत है और आज भी विद्वान उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। वे जैन सिद्धांतों को आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए समाज में नैतिक, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर समन्वय स्थापित कर रहे हैं।

उनका देशभर में निरंतर विहार-ग्रामों से लेकर महानगरों तक-धर्म जागरण की अविरल धारा की तरह गतिमान है। उनके नेतृत्व में अनेक धार्मिक समारोह, दीक्षा-अनुष्ठान, आगम-वाचन, तप प्रवचन और युवा-जागरण कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे हैं। उनके सान्निध्य में अनेक साधु-साध्वियाँ अध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़े हैं और असंख्य श्रावक अपने जीवन में धर्म-सिद्धांतों को स्थापित कर रहे हैं।

उपाध्याय पद पर अलंकृत होना उनके विशिष्ट ज्ञान, अनुशासन, चरित्र और आगम-प्रवीणता का जीवंत प्रमाण है। यह पद उनके अथाह परिश्रम और साधना-संपदा को दर्शाता है। वर्तमान में भी वे आगम-अध्ययन, शिक्षण और शास्त्रीय परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

आज उपाध्याय श्री जितेन्द्रमुनि जी म.सा. का सम्पूर्ण जीवन 'संयम-सूर्य' और 'ज्ञान-दीप' की भाँति समाज को आलोकित कर रहा है। उनकी साधना, उनकी वाणी, उनका आदर्श और उनका तपस्वी जीवन सतत् प्रेरणा स्रोत बना हुआ है। वे प्रत्येक क्षण जिनवाणी के प्रचार, आत्मकल्याण और समाज-हित के लिए समर्पित हैं और अपनी उपस्थिति से वर्तमान समय को भी आध्यात्मिक रूप से समृद्ध कर रहे हैं। ❖❖

अहिंसा भूतल की अमृत सरिता क्यों और कैसे ?

प्रश्न होता है, अहिंसा ही अमृत क्यों ? क्या अन्य कोई ऐसी वस्तु नहीं है, जो वास्तविक अमृत बन सके। उत्तर में निवेदन है कि अहिंसा, सेवा, दया, सहानुभूति, प्रेम, वात्सल्य, करुणा, अनुकम्पा, क्षमा, दान आदि अनेक कोमल भावनाओं के लिए हुए हैं और अमृत का काम केवल कोमल भावनाएँ ही कर सकती हैं। अहिंसा के पालन में मानव अपने आपको विश्व के प्राणियों में विलीन कर देता है, उसमें 'मैं' व 'तू' का द्वैतभाव नहीं रहता, दूसरे की पीड़ा की अनुभूति अहिंसक को होने लगती है। अहिंसक दूसरों के दुःखों को देखकर रह नहीं सकता। वह भरसक प्रयत्न करता है, दूसरों के दुःखों को दूर करने की, इसीलिए मानव जीवन में अहिंसा को प्रतिष्ठित करना आवश्यक माना गया है।

जहाँ चारों ओर मारकाट मच रही हो, लोग परस्पर एक दूसरे के खून की होली खेल रहे हों, दुष्ट, उद्दण्ड या अत्याचारी हो गए हों और अपनी उद्दण्डता पर उतरे हुए हों, जहाँ व्यक्ति के जीवन में नाना प्रकार के अपराध प्रविष्ट हो गये हों, जहाँ रोग, शोक और चिन्ताओं के दुःख से मानव कराह रहा हो, वहाँ अहिंसा के सिवाय ऐसा कौन-सा अमृत है, जिससे ये सारी समस्याएँ हल होकर शक्ति, सुख, आनन्द और प्रेम का स्वर्गोपम वातावरण बनाया जा सकता हो ? मेरी दृष्टि में अहिंसा ही इन सबका एकमात्र हल है। सत्य, ब्रह्मचर्य अस्तेय या अपरिग्रह से ये सारी समस्याएँ हल नहीं हो सकीं। मनुष्य अहिंसा के अमृत का पान करके ही ऊपर बताये हुए दोषों और दुर्गुणों को मिटाने और वातावरण में सुख, शान्ति आनन्द और प्रेम को फैलाने में सफल हो सकता है और कोई उपाय इतना कारगर साबित नहीं हो सकता। इसलिए अहिंसा इस भूतल पर अमृत की सरिता है। अहिंसा रूपी अमृत-सरिता में डुबकी लगाकर व्यक्ति अपने आपको तो अमर बनाता ही है, वह जिस किसी का संस्पर्श करता है, उसके जीवन में भी अमृत भर देता है।

जिस प्रकार सरिता की धारा स्वयं शीतल रहती है और जो उसके पास आता है, उससे सम्पर्क स्थापित करता है, उसको भी वह शीतलता प्रदान करती है, इसी प्रकार अमृत की सरिता अहिंसा में अवगाहन करने वाला व्यक्ति अपनी आत्मा में शीतलता, शान्ति और आनन्द का अनुभव करता ही है, साथ ही उसके सम्पर्क में जो भी आता है, वह भी आनन्दित हो उठता है।

❖❖

समाचार प्रकाश

श्री जैन स्थानक (जैन भवन) के जीर्णोद्धार उपरान्त भव्य लोकार्पण एवं नवकार महामंत्र जाप समारोह सम्पन्न

नई दिल्ली : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के केन्द्रीय मुख्यालय में स्थित लगभग आठ दशकों से अधिक पुरातन एवं इतिहास-संवहित श्री जैन स्थानक (जैन भवन) के अत्यंत प्रतीक्षित जीर्णोद्धार उपरान्त लोकार्पण समारोह तथा सामूहिक महामंत्र नवकार जाप का पावन आयोजन रविवार, 30 नवम्बर 2025 को अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

जीर्णोद्धार के पुण्य लाभार्थी एवं लोकार्पणकर्ता : इस अवसर का जीर्णोद्धार लाभ व लोकार्पणकर्ता का सौभाग्य प्रतिष्ठित सुश्राविका श्रीमती ऊषा जी जैन, सहधर्मिणी श्रावकरत्न स्व. श्री जयप्रकाश जी जैन एवं उनके सुपुत्र सर्वश्री अभय जी जैन, अतुल जी जैन, अमित जी जैन (वसंतकुंज/महरौली, नई दिल्ली) को प्राप्त हुआ। जैन कॉन्फ्रेंस की ओर से मातुश्री ऊषा जी जैन तथा लाभार्थी परिवार का शॉल, माला एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर अत्यंत स्नेहपूर्वक सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल जी जैन का प्रेरणादायी उद्‌बोधन : राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल जी जैन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जैन स्थानक न केवल उपासना का पवित्र केंद्र है, बल्कि समाज की आध्यात्मिक चेतना एवं संस्कारों का गौरवशाली प्रतीक भी है। उन्होंने लाभार्थी परिवार की ओर से समाज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए जैन कॉन्फ्रेंस के आगामी सामाजिक, आध्यात्मिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

जैन स्थानक के जीर्णोद्धार कार्य में उल्लेखनीय सहयोग देने हेतु राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विनय जी जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री जसवंत जी जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जैन भवन प्रशासक श्री जयकुमार जी जैन का भी संस्था की ओर से बहुमान किया गया।

आचार्यों के चित्र एवं नवकार महामंत्र शिलापट का लोकार्पण : समारोह में महामंत्र नवकार का भव्य शिलापट स्थापित किया गया। साथ ही श्रमण संघ की स्थापना एवं विकास में अमूल्य योगदान देने वाले पूज्य आचार्यों के पावन चित्र भी जैन स्थानक भवन में प्रतिष्ठापित किए गए, जिससे इस पवित्र स्थल की ऐतिहासिक गरिमा में और वृद्धि हुई।

विशिष्ट अतिथि एवं गणमान्य उपस्थितियाँ : कार्यक्रम में दिल्ली प्रांत के अनेक राष्ट्रीय, प्रांतीय, युवा एवं महिला पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय चेयरमैन श्री विजय जी जैन (पानीपत) की विशेष उपस्थिति ने समारोह की शोभा और भी बढ़ा दी।

सुसंगठित संचालन एवं सामूहिक नवकार जाप : पूरे कार्यक्रम का सौम्य, संतुलित तथा प्रभावी संचालन प्रसिद्ध इतिहासकार संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अमितराय जी जैन ने किया। इसके पश्चात अत्यंत श्रद्धापूर्वक सामूहिक नवकार महामंत्र जाप सम्पन्न हुआ, जिसने वातावरण को दिव्यता से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम उपरान्त जैन कॉन्फ्रेंस के द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं अतिथियों के लिए गौतम प्रसादी की सुंदर एवं स्नेहपूर्ण व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने लाभ उठाया।

प्रेषक : राजेश कुमार मिश्र

---

11 केन्द्रों पर 1400 साधकों ने सीखा आत्म ध्यान

सूरत (गुजरात) : ध्यान योगी आत्मज्ञानी सद्‌गुरुदेव आत्मानुशास्ता आचार्य सम्राट् पू. डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा. के सान्निध्य में प्रातः 6:30 बजे में 9:30 बजे तक तीन घंटे का ऑनलाईन आत्म-ध्यान धर्म यज्ञ का आयोजन किया गया। आत्म-ध्यान धर्म यज्ञ में आचार्यश्री जी ने अपने मंगल उद्‌बोधन में फरमाया कि अपने आत्म स्वरूप को समझे बिना अनंत

दुखों का सामना करना पड़ता है। आत्म बोध के अभाव में व्यर्थ की क्रियाओं में लगे रहने से दुःखों का अंत नहीं हो सकता है। आत्मा को आत्मा में स्थित करने की कला इस पंचम काल में हमें प्राप्त हुई है, जिसके द्वारा जड़ जीव का भेद कर आत्मा को आत्मा में स्थित करते हुए हम कर्म निर्जरा कर सकते हैं।

वीतराग साधिका निशा जी ने अरिहंत प्रभु की कृपा से प्राप्त अरिहंत वाणी द्वारा साधकों को स्वरूप के बोध की साधना करवाई। इस साधना के द्वारा सभी साधकों ने अनादिकाल के मिथ्यात्व को क्षय करने की विधि सीखी और अपने अंतःकरण में सम्यक्त्व का बीज वपन किया।

वीतराग साधिका ने सत्य का बोध करवाया। व्यक्तित्व से पार अस्तित्व में रमण की साधना बताई। जीव की वीतराग यात्रा प्रारंभ करवाते हुए फरमाया कि आत्मा का परिचय, आत्मा को समन, आत्मा पर श्रद्धा और आत्मा में स्थिरता आवश्यक है। अंत में अनादिकाल के पापों का अवलोकन, आलोचना व प्रतिक्रमण करवाया।

प्रमुख मंत्री श्री शिरीषमुनि जी म.सा. ने आत्म-ध्यान को समझ प्रदान करते हुए योगासन एवं प्राणायाम के प्रयोग करवाए। साथ ही साधकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रारंभ में युवा मनीषी श्री शुभम मुनि जी म.सा. ने प्रार्थना ध्यान करवाया। यह आत्म-ध्यान धर्म यज्ञ गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान सहित कुल ।। स्थानों पर एक-साथ एक समय पर आयोजित हुआ। (1) आनन्दधाम अहिल्या नगर महाराष्ट्र में 600, (2) जैन स्थानक सेक्टर-4 हिरणमगरी उदयपुर राजस्थान में 286, (3) महावीर प्रतिष्ठान पुणे महाराष्ट्र में 111, (4) जैन स्थानक किचलू नगर लुधियाना पंजाब में 99, (5) रविवार कारंजा जैन स्थानक नाशिक महाराष्ट्र में 97, (6) जैन स्थानक बिबवेवाड़ी पुणे महाराष्ट्र में 71, (7) वर्धमान प्रतिष्ठान शिवाजी नगर पुणे महाराष्ट्र में 60, (8) चिंचवड़ स्टेशन पुणे महाराष्ट्र में 30, (9) क्षेत्रपाल प्रतिष्ठान लोणीकन्द पुणे महाराष्ट्र में 30, (10) आत्म भवन, सूरत गुजरात में 30, (11) जैन स्थानक भटिण्डा पंजाब में 17, इस धर्म यज्ञ में कुल 1401 साधकों की सहभागिता रही, जिसमें साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविकाएं सभी उपस्थित थे। आत्म ध्यान प्रशिक्षकों एवं सक्रिय धर्म सेवकों ने पुरुषार्थ कर उत्तम व्यवस्थाएं प्रदान की। जिन-जिन क्षेत्रों के संघों ने आयोजन करवाया उन सभी को आचार्यश्री जी ने आशीर्वाद दिया एवं फरमाया कि इसी प्रकार आगे भी धर्म आराधना करते रहे एवं करने वालों को सहयोग देते रहें। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे पारस चैनल पर आत्म-ध्यान के प्रयोग आ रहे हैं उसका लाभ लेवे।

आनन्दधाम अहिल्या नगर में महाराष्ट्र प्रवर्तक श्री कुन्दनऋषि जी म.सा. के 92वें जन्मोत्सव पर विशेष धर्म यज्ञ आयोजित किया गया। आचार्यश्री जी ने प्रवर्तकश्री जी के जन्मोत्सव पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित की। ऑनलाईन आत्म ध्यान धर्म यज्ञ का प्रसारण आत्म भवन सूरत से वर्चुअल लाईव किया गया।

सामूहिक जाप एवं चातुर्मासिक पक्खी के साथ चातुर्मास सम्पन्न

चातुर्मास प्रवास में अवध निवासियों का सहयोग अनुमोदनीय रहा : ध्यानयोगी आत्मज्ञानी सद्‌गुरुदेव आत्मानुमास्ता आचार्य सम्राट् पू. डॉ. श्री शिवमुनि जी म.सा. आदि ठाणा 10 का वर्ष 2025 का चातुर्मास सामूहिक महामंत्र नवकार जाप एवं चातुर्मासिक पक्खी की आराधना के साथ सानन्द सम्पन्न हुआ। चातुर्मास प्रवास में आत्म-ध्यान धर्म यज्ञ, ध्यान-साधना, तपस्या, पूज्यवरों के दैनिक मंगल उद्‌बोधन के साथ अनेक चातुर्मासिक गतिविधियाँ सम्पन्न हुई। चातुर्मास प्रवास में देशभर से अनेक श्रावक-श्रविकाएं, दीक्षार्थी, गुरुभक्त उद्योगपति, सरकारी पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं का मंगल आशीर्वाद हेतु निरंतर आवागमन बना रहा।

आचार्य भगवन् ने चातुर्मास पूर्णाहुति पर अवध संगरीला वासियों एवं बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अपने मंगल उद्‌बोधन में फरमाया कि अवध संगरीला में थोड़े ही घर है और स्थान भी छोटा है फिर भी वातुर्मास में किसी भी कमीं का एहसास नहीं हुआ। चाहे पर्युषण पर्व हुआ हो, या चातुर्मास प्रवेश हुआ हो, ध्यान-साधना के शिविर हुए हो, तपस्याए हुई, मुमुक्षु दीक्षार्थी आए हों या दर्शनार्थी श्रद्धालु आए, सभी प्रकार की व्यवस्थाओं में श्रावकों ने जो सहयोग

दिया वह अनुमोदनीय है।

उन्होंने आगे फरमाया कि गृहस्थ एवं साधु-संतों का परस्पर संबध है। गृहस्थ साधु-संतों को आहार बहराते हैं, संघ की सेवा करते है। गृहस्थ आधार है, हमें जो भी चाहिए है वह हम गृहस्थ से ही याचना करते हैं, चाहे वह आहार हो, वस्त्र हो या रहने का स्थान हो। साधु-संतों को की गई सेवा महान निर्जरा का कारण बनती है। साथ ही उन्होंने सभी 9 मुनिराजों के प्रति उनकी सेवा भावना की अनुमोदना की।

आयार्य भगवन् ने आगे फरमाया कि हम सभी सौभाग्यशाली है कि आत्मा के कल्याण के लिए पंचम काल में अरिहंत परमात्मा सीमंधर स्वामी की वाणी मिली है और वीतराग साधिका निशा जी का पुरुषार्थ, सहयोग मिला, यह सभी के लिए कल्याणकारी है। संसार में शांति नहीं है। उठते, बैठते, खाते-पीते जड़ जीव का भेद विज्ञान करो और कर्म सिद्धांत को मानते हुए यह संकल्प रहे कि यहां से हम महाविदेह में जाएंगे। ऐसी माता मिले जो भगवान के समवसरण में जाए। यह भाव संकल्प, प्रार्थना, आकांक्षा रहेगी तो जो चाहोगे वह निश्चित ही प्राप्त हो सकेगा।

प्रमुख मंत्री श्री शिरीषमुनि जी म.सा. ने चातुर्मास पूर्णाहुति पर अवध संगरीला के श्रावक-श्राविकाओं सहित सभी के प्रति मंगल भावनाएं प्रेषित करते हुए ध्यान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की।

युवा मनीषी श्री शुभममुनि जी म.सा., प्रवचन प्रभाकर श्री शमितमुनि जी म.सा., मधुर गायक श्री निशांतमुनि जी म.सा. व श्री शाश्वतमुनि जी म.सा. ने भजन एवं उद्बोधन दिया। इस अवसर पर वैरागन बहन दीक्षा रवीन्द्र भंसाली जलगांव से आचार्य भगवन् के दर्शनार्थ एवं दीक्षा आज्ञा हेतु उपस्थित हुई, उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर वैरागन बहन का अवधवासियों ने स्वागत सम्मान किया। ज्ञात रहे वैरागन बहन की दीक्षा दिनांक 22 फरवरी 2026 को पाचोरा, महाराष्ट्र में होनी सुनिश्चित हुई है। वैरागन बहन उपप्रवर्तिनी महासाध्वी श्री सुमनप्रभा जी म.सा. के सान्निध्य में संयम अंगीकार करने जा रही हैं।

चातुर्मास पूर्णाहुति पर श्री गौतम मेहता, श्री तुलसीभाई चपलोत, श्री रोहित जैन बोकड़िया, श्री सरदार बाबेल आदि ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। श्रीमती मनीषा संचेती ने भजन के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। श्रीमती श्वेता मेहता के 78 एकासन पूर्ण होने पर शिवाचार्य आत्म-ध्यान फाउण्डेशन की ओर से स्मृति चिन्ह द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

आत्म ध्यान साधना एवं स्वाध्याय का क्रम गतिमान : श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य सम्राट पूज्य डॉ. श्री शिवमुनि जी म.सा., श्रमण सभीव प्रमुख मंत्री श्री शिरीषमुनि जी म.सा. आदि ठाणा आत्म भवन, अवध संगरीला में अपनी आध्यात्मिक आत्म-ध्यान-साधना के लिए विराजमान हैं। प्रतिदिन प्रातः सूर्योदय के साथ आत्म-ध्यान, तत्पश्चात् प्रातः 9:30 से 10:30 बजे तक स्वाध्याय का क्रम निरंतर गतिमान है। सूरत शहर में चातुर्मासार्थ साधु-साध्वियों का शिवाचार्य भगवन् के दर्शन एवं सुखसाता पृच्छा हेतु निरंतर पदार्पण हो रहा है।

30 अक्टूबर 2025 : आचार्य भगवन् के दर्शनार्थ एवं दीक्षा की आज्ञा हेतु उपप्रवर्तक घोर तपस्वीं श्री नरेशमुनि जी म.सा. के चरणों में अध्ययनरत मुमुक्षु लवेश सिंघवी उपस्थित हुए। इस अवसर पर अवध संगरीला परिवार ने दीक्षार्थी बंधु का तिलक लगाकर शॉल, माला पहनाकर अभिनन्दन, अनुमोदन एवं स्वागत किया। दीक्षार्थी ने इस अवसर पर अपने भाव भी सभा के मध्य रखे।

4 नवम्बर 2025 : आचार्य भगवन् के श्री चरणों में आशीर्वाद एवं दीक्षा की आज्ञा हेतु श्रमण संघीय सलाहकार श्री राममुनि जी म.सा. के चरणों में अध्ययनरत मुमुक्षु आदि जैन नालासोपारा श्रीसंघ के साथ उपस्थित हुए जिनकी दीक्षा 1 फरवरी 2026 को श्री अम्बेश जैन गुरुकुल में होने जा रही है। इस अवसर पर अवध श्रीसंघ द्वारा मुमुक्षु आदि जैन का स्वागत अभिनन्दन किया गया एवं शॉल माला पहनाई गई, मंगल तिलक भी किया। दीक्षार्थी ने इस अवसर पर अपने भाव भी सभा के मध्य रखें।

9 नवम्बर 2025 : आचार्य भगवन् के आशीर्वाद से श्रमण संघीय प्रमुख मंत्री श्री शिरीषमुनि जी म.सा. के मार्गदर्शन में एवं वीतराग साधिका निशा जी के प्रबल पुरुषार्थ से महाराष्ट्र प्रवर्तक पूज्य श्री कुन्दनऋषि जी म.सा. के 92वें जन्मोत्सव पर विशाल आत्म-ध्यान धर्म यज्ञ हुआ। सुबह 6:30 बजे से 9:30 तक यह विशाल आयोवन जूम के माध्यम से 11 जगहों पर हुआ जिसमें साधु-साध्वियों के साथ-साथ श्रावक-श्राविकाओं ने पूर्ण उत्साह के साथ सहभाग लिया। 1400 साथक-साधिका इसमें सम्मिलित हुए। अहमदनगर, पूना, सूरत, उदयपुर, लुधियाना, भटिण्डा आदि जगहों पर साधकों ने इसमें सहभाग लिया।

दोपहर में आचार्य भगवन् की सुखसाता पूछने हेतु कामरेज का चातुर्मास पूर्ण करके उपप्रवर्तक श्री विनयमुनि जी म. सा., उपप्रवर्तक श्री गौतममुनि जी म.सा., श्री सागरमुनि जी म.सा. लगभग 2 बजे आत्म भवन अवध संगरीला पधारे। यह चार माह के बाद का एक मधुर मिलन था। पुरानी यादों के साथ-साथ आगामी 2027 में श्रमण संघ के अमृत महोत्सव पर श्रमण संघ के उत्थान एवं विकास पर गहन चिंतन-मनन हुआ। म.सा. शाम को पुनः विहार कर चलथान पधारे।

चातुर्मास की पूर्णाहुति के बाद अनेक साधु-साध्वियों का अवध संगरीला पदार्पण हो रहा है। अवध परिवार साधु-साध्वियों की सेवा का लाभ ले रहा है। अनेक स्थानों से गुरुभक्तों का भी दर्शनार्थ आगमन जारी है। शिवाचार्य आत्म-ध्यान फाउण्डेशन की ओर से सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। **- शमितमुनि जी म.सा.**

जैन कॉन्फ्रेंस पंजाब युवा शाखा ने आयोजित किया मानव सेवा कार्यक्रम

लुधियाना (पंजाब) : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस युवा शाखा पंजाब द्वारा बड़े ही हर्ष, करुणा और पुण्य भावना के साथ मानव सेवा कार्यक्रम का आयोजन मदर टैरेसा आर्फन्ज, नजदीक जालंधर बाईपास चौक में किया गया। जहां संस्था के सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों तथा मानसिक रूप से विशेष आवश्यकता वाली महिलाओं तक पहुंचकर सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी को राशन सामग्री, नए कपड़े एवं पौष्टिक स्नैक्स एवं चाय वितरित की गई। इस पुण्य कार्य का लाभ श्री भूषण जैन एवं श्रीमती सुनीता जैन परिवार मैसर्ज जैन ट्रेडर्स श्रीमती तृप्ता रानी जैन एवं श्रीमती मोनिका जैन मैसर्ज रूप श्री निटवियर्स द्वारा लिया गया।

लाभार्थी परिवार से दिनेश जैन, आदेश जैन एवं युवा शाखा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दीपांशु जी जैन, प्रांतीय अध्यक्ष श्री विनय जी जैन, कोषाध्यक्ष श्री जिनेश जी जैन, मार्गदर्शक श्री लव जी जैन, सलाहकार श्री मुकेश जी जैन, श्री आदेश जी जैन, श्री आदिश जी जैन, श्री आदित्य जी जैन, श्री प्रथम जी जैन तथा महिला शाखा से जयति जी जैन व हरियाली जी जैन, अरिष्ठा जी जैन विशेष रूप से शामिल हुए। राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष श्री दीपांशु जी जैन एवं पंजाब प्रांतीय युवा अध्यक्ष श्री विनय जी जैन ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची धर्म सेवा है। हमारा उद्देश्य केवल वस्तुएं देना नहीं, बल्कि प्रेम, सम्मान और आत्मीयता से हर जरूरतमंद तक पहुंचना है। जब युवा शक्ति सेवा को अपना कर्त्तव्य समझती है, तब समाज में सकारात्मक परिरवर्तन अवश्य आता है। **प्रेषक : विनय जैन**

जैन कॉन्फ्रेंस कर्नाटक युवा शाखा की कार्यकारिणी समिति बैठक संपन्न

बैंगलोर (कर्नाटक) : श्री ऑल इंडिया शेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस कर्नाटक प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रकाश जी बुरड़ जैन के तत्वाधान में कर्नाटक युवा शाखा की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार दिनांक 20 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। युवा अध्यक्ष श्री आशीष जी भंसाली जैन ने पधारे हुए सभी प्रांतीय एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया।

बैठक में जैन कॉन्फ्रेंस कर्नाटक युवा शाखा के 98 सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही प्रांतीय महिला शाखा अध्यक्षा श्रीमती संतोष जी आच्छा जैन, महिला चेयरमैन श्रीमती रसीला जी मरलेचा जैन, महिला महामंत्री श्रीमती सपना जी सिंघवी जैन,

महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रा जी गादिया जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष श्री प्रमोद जी सिंघी जैन, श्री अजय जी धोका जैन, युवा कानून सलाहकार मंत्री श्री विशाल जी छल्लानी जैन, राष्ट्रीय मंत्री श्री अभय जी कातरेला जैन, श्री प्रवीण जी सिंघी जैन, युवा प्रमुख मार्गदर्शक श्री भरत जी कोठारी जैन आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में महामंत्री श्री किशोर जी बाफना जैन ने गत एक वर्ष में हुए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, वहीं कोषाध्यक्ष श्री रूपेश जी सिसोदिया जैन ने आय-व्यय का लेखा-जोखा सदन के समक्ष रखा। निर्वतमान युवा अध्यक्ष श्री विकास जी कोठारी जैन ने युवा शाखा के कार्यों की सराहना करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संगठन के लिए उत्कृष्ट कार्य एवं सेवाएं प्रदान करने वाले कुछ सदस्यों को प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सह-कोषाध्यक्ष श्री सुनील जी बम्ब जैन ने उपस्थित सभी प्रांतीय, राष्ट्रीय पदाधिकारियों, महिला शाखा पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया तथा बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रांतीय युवा मंत्री श्री दीपक जी धोका जैन एवं युवा महामंत्री श्री किशोर जी बाफना जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शीतल जी लुणावत जैन, प्रांतीय युवा उपाध्यक्ष श्री महावीर जी कानूंगा जैन, श्री महावीर जी चोरड़िया जैन, युवा प्रचार प्रसार मंत्री श्री अभिषेक जी विनायकिया जैन एवं श्री यश जी बाफना जैन का विशेष सहयोग रहा।

प्रेषक : आशीष भंसाली जैन

चतुर्विध संघ की उपस्थिति में नासिक में तेरे मेरे सपने संवाद केन्द्र एवं धाडीवाल परिवार की ओर से जैन स्थानक का शुभारंभ

नासिक (महाराष्ट्र) : श्रमण संघीय युवाचार्य पूज्य गुरुदेव श्री महेन्द्रऋषिजी म.सा., मालवा प्रवर्तक पू. श्री प्रकाशमुनिजी म.सा., उपप्रवर्तक पू. श्री अक्षयऋषिजी म.सा., उपप्रवर्तक पू. श्री गौरवमुनिजी म.सा. आदि संत-सतीवृंद एवं श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में नासिक रोड़, नासिक में शनिवार, दिनांक 6 दिसम्बर 2025 के दिन सामाजिक, धार्मिक कार्य की सुंदर शुरुआत हुई। इस सेन्टर का उद्‌घाटन पूर्व राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती रूचिराजी सुराणा जैन द्वारा किया गया।

जैन कान्फ्रेंस राष्ट्रीय महिला शाखा द्वारा प्रेरित तेरे मेरे सपने सेंटर का तथा स्व. सूरजमलजी पुखराजजी धाडीवाल जैन स्थानक का शुभारंभ जैन कान्फ्रेंस के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पारस भाऊ मोदी जैन, निवर्तमान राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती रुचिरा ताई सुराणा जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सुनीलजी चोपडा जैन, श्री ललितजी मोदी जैन, विहारधाम योजना राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कांतिलालजी चोपड़ा जैन, चतुर्थ झोन प्रांतीय अध्यक्ष श्री मोहनलालजी लोढा जैन, जैन कॉन्फ्रेंस के श्री प्रविणजी लुनावत जैन, नासिक रोड श्रीसंघ के अध्यक्ष श्री किरणजी धाडीवाल जैन, राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्षा सौ. कल्पनाजी धाडीवाल जैन, चतुर्थ जोन प्रांतीय महिला अध्यक्षा सौ. ज्योती नवनीतजी गांधी जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या सौ. मधुबालाजी कोठारी जैन, सौ. मंगलजी भंडारी जैन, शकुंतलाजी बोथरा जैन, प्रांतीय संघटन मंत्री सौ. कल्पनाजी बेदमुथा जैन, एडव्होकेट पूजा बोरा जैन और उन्नती कुमट जैन आदि प्रमुख मान्यवरों की उपस्थिती में संपन्न हुआ।

चतुर्थ जोन में तेरे मेरे सपने का यह प्रथम सेंटर का प्रारंभ राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोषजी जैन, राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती रीचाजी जैन की प्रेरणा से एवं राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्षा सौ. कल्पनाजी धाडीवाल जैन और टीम के सहयोग से हुआ। जैन स्थानक की अनिवार्यता देखते हुए जैन कॉलोनी, नासिक रोड़ में श्री रमेशजी, श्री महेन्द्रजी, सौ. कल्पनाजी एवं धाडीवाल परिवार के योगदान और मेहनत से स्थानक का निर्माण कार्य हुआ।

प्रेषक : रीचा संदीप जैन

राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा का जन्मदिवस उल्लासपूर्वक सम्पन्न

नई दिल्ली : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा आदरणीया श्रीमती संतोष जी जैन का जन्मदिवस दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को जैन भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अत्यन्त आत्मीयता, गरिमा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। यह अवसर न केवल एक व्यक्तिगत प्रसन्नता का क्षण था, अपितु संगठनात्मक एकता, नारी-सशक्तिकरण और सेवा-संकल्प का भी सजीव प्रतीक बना।

इस गरिमामय अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल जी जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री जसवंत जी जैन, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री विपुल जी जैन, राष्ट्रीय महिला वाईस चेयरमैन श्रीमती मीनाक्षी जी जैन तथा राष्ट्रीय महिला महामंत्री श्रीमती रीचा संदीप जी जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों ने आदरणीया श्रीमती संतोष जी जैन के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरन्तर यशस्वी जीवन की मंगलकामनाएँ अर्पित की।

समारोह में दिल्ली की अनेक राष्ट्रीय महिला पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रांतीय महिला अध्यक्षा श्रीमती सीमा जी जैन, महामंत्री श्रीमती कनिका जी जैन तथा कोषाध्यक्षा श्रीमती अनीता जी जैन (निगम पार्षद, शालीमार बाग) सहित अनेक सम्मानित महिलाएँ उपस्थित रहीं। सभी ने स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता के भावों के साथ अपने-अपने शब्दों में शुभकामनाएँ व्यक्त कीं तथा उनके नेतृत्व, सरलता और सेवाभावी व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

यह जन्मदिवस आदरणीया श्रीमती संतोष जी जैन के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समाजसेवा के प्रति उनके सतत समर्पण का सजीव प्रतिबिम्ब बनकर सभी के मन में सुखद स्मृति के रूप में अंकित हो गया।

नारी नेतृत्व की गौरवपूर्ण उपलब्धि : श्रीमती अनीता जैन का संस्था द्वारा अभिनंदन

नई दिल्ली : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अतुल जी जैन की अध्यक्षता में 13 दिसम्बर 2025 को दिल्ली की राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय महिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जैन भवन में अत्यन्त सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में महिला शाखा के आगामी कार्यक्रमों, योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने अपने प्रेरणादायी मार्गदर्शन से सभी को दिशा प्रदान की।

इस गरिमामय अवसर पर राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री जसवंत जी जैन, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री विपुल जी जैन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष जी जैन, राष्ट्रीय महिला वाईस चेयरमैन श्रीमती मीनाक्षी जी जैन, राष्ट्रीय महिला महामंत्री श्रीमती रीचा संदीप जी जैन, राष्ट्रीय महिला कोषाध्यक्षा श्रीमती उर्मिल जी जैन तथा राष्ट्रीय महिला सह-कोषाध्यक्षा श्रीमती कौशल्या जी जैन की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही दिल्ली प्रान्तीय महिला अध्यक्षा श्रीमती सीमा जी जैन, महामंत्री श्रीमती कनिका जी जैन एवं अनेक सक्रिय महिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहीं, जिससे बैठक की गरिमा और भी बढ़ गई।

इसी अवसर पर दिल्ली में सम्पन्न निगम पार्षद के उपचुनाव में, माननीया मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के सहयोग से शालीमार बाग क्षेत्र से निर्वाचित होकर जनसेवा का दायित्व ग्रहण करने वाली श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, दिल्ली प्रदेश की प्रान्तीय महिला कोषाध्यक्षा आदरणीया श्रीमती अनीता जी जैन (निगम पार्षद, शालीमार बाग) का संस्था की ओर से भावपूर्ण अभिनंदन किया गया।

संस्था द्वारा उन्हें शॉल, माला एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं बहनों ने उनके सामाजिक समर्पण, संगठनात्मक सक्रियता एवं राजनैतिक जीवन में निरन्तर यशस्विता की मंगलकामनाएँ व्यक्त की। यह अभिनंदन समारोह महिला सशक्तिकरण, संगठन की एकजुटता तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

महिला शाखा द्वारा आगमज्ञाता उपाध्याय पू. श्री जितेन्द्रमुनिजी म.सा. की स्वर्ण दीक्षा जयंति पर मूक बधिर स्कूल में बांटे स्वेटर, रजाईयाँ

लुधियाना (पंजाब) : आगम ज्ञाता, आगम पुरुष उपाध्याय भगवन श्रद्धेय गुरुदेव पू. श्री जितेंद्रमुनि जी म.सा. की 50वीं स्वर्ण दीक्षा जयंती के पावन शुभ अवसर पर महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसायटी की ओर से रैड क्रॉस के सहयोग से स्वेटर और रजाईयां इत्यादि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैड क्रॉस द्वारा मूक बधिरों के लिए सराभा नगर में संचालित स्कूल के बच्चों के अभिभावकों को कार्डिगन, स्वेटर आदि वितरित किए गए। स्कूल इंचार्ज श्रीमती संतोष जी रानी तथा समाज सेवी श्री अशोक जी शर्मा के मार्गदर्शन में वूलन उत्पाद लोगों को वितरित किए गए। जैन समाज के महान संतों में से एक आगम ज्ञाता, युग पुरुष, जिन शासन रतन हिमाचल केसरी उपाध्याय भगवन पू. श्री जितेंद्रमुनि म.सा. की 50वीं स्वर्ण संयम जयंती के उपलक्ष्य में कुछ परिवारों को सिविल लाइन जैन स्थानक में रजाईयां भी वितरित की गई।

कार्यक्रम में भगवान महावीर सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश जैन, कार्यकारिणी सदस्य रमा जैन, महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसाइटी की महामंत्री श्रीमती रीचा जैन, सुषमा जैन, कमल जैन, स्कूल इंचार्ज संतोष रानी, एस.एस. जैन सभा सैक्टर 39 के उप-प्रधान श्री संदीप जी जैन, समाज सेवी श्री अशोक शर्मा, सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

प्रेषक : रीचा संदीप जैन

जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रांतीय महिला शाखा की गतिविधियाँ

नई दिल्ली : जैन कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष सुरेश जी जैन के दिशा-निर्देशन में दिल्ली प्रांतीय महिला शाखा निम्नलिखित सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम राजधानी दिल्ली में आयोजित किए गए, जिसमें 15 जुलाई को पद ग्रहण करने के बाद सेवा, शिक्षा एवं तप के क्षेत्र में अग्रणी महिलाओं का केन्द्रीय कार्यालय पर स्वागत अभिनंदन किया गया। 21 जुलाई को सैक्टर-5 रोहिणी में पूज्य गुरुदेव श्री अमनमुनिजी म.सा. आदि ठाणा के प्रवचन श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अहिंसा विहार में साध्वी पू. श्री शिवाजी म.सा. की शिष्या पू. डॉ. श्री शैली जी म.सा. के दर्शन, वंदन किए। प्रशांत विहार में साध्वी पू. श्री सुषमाजी म.सा. के दर्शन, वंदन किए।

26 जुलाई को द्वितीय पट्टधर आचार्य सम्राट् परम पूज्य श्री आनंदऋषि जी म.सा. की 125वीं जन्म जयंति पर बूढ़पूर दिल्ली में अपना घर आश्रम में गौतम प्रसादी वितरण की गई। 30 जुलाई को छोटूराम पार्क सैक्टर-6 में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। 10 अगस्त को लक्ष्मीनगर में श्रावक तपस्वी श्री राहुल जी के मासखमण का अभिनंदन एवं साध्वी पू. श्री शिक्षा जी म.सा. के प्रवचन श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कृष्णा नगर में विराजित संघ संचालक परम पूज्य गुरुदेव श्री नरेशमुनि जी म.सा. के दर्शन, वंदन किए। गाजियाबाद में विराजित उत्तर भारतीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री सुभद्रमुनि जी म.सा. के दर्शन कर धर्म चर्चा की।

15 अगस्त को त्रिनगर में विराजित परम पूज्य वाचनाचार्य पू. श्री विशालमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के प्रवचन श्रवण का लाभ लिया तथा राष्ट्रीय एवं प्रांतीय युवा टीम द्वारा आयोजित ब्लड़ डोनेशन कार्यक्रम में शामिल होकर सेवा कार्य किया। 17 अगस्त को अरिहंत नगर में विराजित त्याग शिरोमणि राजऋषि परम पूज्य गुरुदेव श्री राजेन्द्रमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के दिव्य प्रवचन श्रवण करने का लाभ लिया। 19 अगस्त को वीरनगर में विराजित पू. श्री रचितमुनि जी म.सा., राणा प्रताप बाग में विराजित दिव्य साधिका पू. डॉ. श्री रश्मि जी म.सा., डेरावाल में विराजित साध्वी पू. श्री समताजी म.सा. एवं साध्वी पू. श्री संजुजी म.सा. आदि ठाणा को एकासने की पुस्तिका भेंट की। साध्वी पू. श्री पवनकुमारी जी म.सा. की 21वीं पावन स्मृति दिवस पर गुणगान महोत्सव में सम्मिलित हुए। योगीराज पू. श्री रामलाल जी म.सा. की 59वीं पावन पुण्य स्मृति के

उपलक्ष्य में आयोजित गुणगान दिवस परम पू. श्री रमेशमुनि जी म.सा. के पावन सान्निध्य में आयोजित हुए।

11 सितम्बर को करनाल में विराजित महासाध्वी, उत्तर भारतीय प्रवर्तिनी पू. डॉ. श्री सरिता जी म.सा. आदि ठाणा के दर्शन किए। 16 सितम्बर को आत्म-ध्यान साधना शिविर सैक्टर 3 में सम्मिलित हुए। 18 सितम्बर को लक्ष्मीनगर के जैन स्थानक में बहनों द्वारा 70 सामूहिक एकाशन किए। 23 सितम्बर को राजाखेड़ी में विराजित प्रवचन भास्कर पू. श्री रोहितमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के प्रवचनों का लाभ लिया। समालखा में विराजित प्रज्ञा महर्षि पू. श्री उपेन्द्रमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के दर्शन किए। 29 सितम्बर को त्रिनगर में विराजित नेपाल हिन्द गौरव, वाचनाचार्य पू. डॉ. श्री विशालमुनि जी म.सा. आदि ठाणा द्वारा प्रवचनों का लाभ लिया। 1 अक्टूबर को रोहिणी, सैक्टर-11 में गौशाला में गौ सेवा प्रदान की। 4 अक्टूबर को रोहिणी, सैक्टर 6 में विशाल स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर परम पूज्य युवाचार्य श्री महेन्द्रऋषि जी म.सा. के जन्मदिवस के अवसर पर लगाया गया। 29 अक्टूबर को त्रिनगर में विराजित नेपाल हिंद गौरव, वाचनाचार्य वरिष्ठ उपाध्याय पू. डॉ. श्री विशालमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में तपस्वी रत्न पू. श्री आशीषमुनि जी म.सा. के मासखमण तपस्या के उपलक्ष्य में आदर की चादर भेंट की।

2 नवंबर को श्री एस.एस. जैन सभा महेन्द्रा पार्क, रानी बाग दिल्ली में विराजित त्याग शिरोमणि राजऋषि पूज्य गुरुदेव श्री राजेन्द्रमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के प्रवचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त किया एवं दर्शनों का लाभ लिया। नवकार महिला मंडल ने हेल्थ चैकअप कैंप में सहयोग किया। 10 नवंबर को दिल्ली प्रांतीय महिला कोषाध्यक्षा श्रीमती अनिता जैन जी को शालीमार बाग से उपचुनाव में निगम प्रत्याशी बनाए जाने पर उसको चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर जाकर बधाई प्रदान समर्थन दिया। 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर सीनियर स्कूल में विधार्थियों को जूस व अल्पाहार वितरित किया। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना, उन्हें स्वस्थ व पौष्टिक अल्पाहार प्रदाना यही इस सेवा कार्य का प्रमुख उद्देश्य रहा। 12 नवंबर को त्रिनगर में विराजित नेपाल हिंद गौरव, वरिष्ठ उपाध्याय पू. डॉ. श्री विशालमुनि जी म.सा. के पावन जन्मोत्सव पर आदर की चादर भेंट की।

प्रेषक : सीमा जैन

जैन कॉन्फ्रेंस गुजरात प्रांत की वर्ष 2025 की गतिविधियाँ

सूरत (गुजरात) : जनवरी माह में गुजरात प्रांत के 5199 आजीवन सदस्यों को व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़कर डिजिटल डाटा का कार्य किया गया, ताकि गुजरात जैन कॉन्फ्रेंस की संपूर्ण गतिविधियों की जानकारी सभी आजीवन सदस्यों तक पहुंच सके। वहीं फरवरी माह में 160 नए आजीवन सदस्य भी बनाए गए। मार्च माह में मानव सेवा के तहत सूरत में गरीब परिवार के ईलाज हेतु 75 हजार एवं 50 हजार की राशि प्रदान करवाकर हॉस्पिटल में रियायत करवाकर ईलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई एवं वलसाड़ जिले में महिला शाखा द्वारा गरीबों को राशन किट वितरित किए गए।

अप्रैल माह में गुजरात जैन कॉन्फ्रेंस के शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा दक्षिण गुजरात में दौरा किया गया, जिसमें प्रमुख रूप सूरत, उधना, अंकलेश्वर, कामरेज, वड़ोदरा, पांडेसरा, बारडोली, व्यारा, चीखली श्रीसंघों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं का सकारात्मक व्यवहार सराहनीय रहा तथा समस्याओं, सुझाव एवं समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। जीतो द्वारा आयोजित विश्व शांति हेतु नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया, जिसमें गुजरात जैन कॉन्फ्रेंस की अहम भूमिका रही। हमने पूरे गुजरात के धर्म स्थानकों, उपाश्रयों में नवकार मंत्र जाप के साथ सामायिक करने का आव्हान किया, जिसमें जप-तप आराधना काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं द्वारा की गई।

भगवान महावीर जन्मोत्सव महापर्व पर संपूर्ण गुजरात में जैन कॉन्फ्रेंस के आव्हान पर धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय श्रीसंघों द्वारा गांवों, शहरों, कस्बों में शोभा यात्राएं निकाली गई। चारित्र आत्माओं के सान्निध्य में महावीर गुणानुवाद सभाओं जप-तप के साथ आयोजित कर गौतम प्रसादियों के सुंदर आयोजन हुए। श्रमण संघीय महामंत्री पू. श्री सौभाग्यमुनिजी म.सा. के 75वें दीक्षा जयंति अमृत महोत्सव एवं उप-प्रवर्तक मेवाड़ भास्कर श्री पू. श्री कोमलमुनि जी म.सा. की 26वीं दीक्षा जयंति महोत्सव पर पूरे गुजरात भर में जीवदया, मानव सेवा एवं धर्म आराधना हेतु आव्हान किया गया। फलस्वरूप अनेक

जीवदया के कार्यक्रम मूक पशुओं, पक्षियों को दूध रोटी, घास, दाना खिलाना एवं भविष्य के लिए इससे जुड़ी संस्थाओं को फण्ड डोनेट किया गया।

मानव सेवा के तहत अहमदाबाद मेन्ट हॉस्पिटल में 250 मरीजों को खाना खिलाया। साथ ही आंगनवाड़ी के बच्चों को अहमदाबाद में खाना, फ्रूट एवं कीट वितरित किए गए। इसी के तहत प्रांतीय महामंत्री श्री विनोदजी धोका जैन के मार्गदर्शन में 425 लोगों को भोजना कराया। वहीं गौशालाओं में स्थानीय श्रीसंघों द्वारा घास, दलिया आदि की व्यवस्थाएं की गई। आचार्य सम्राट् पू. डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा. के 40वें वर्षीतप के उपलक्ष्य में गुजरात जैन कॉन्फ्रेंस ने ये वर्ष वर्षीतप आराधना वर्ष घोषित किया, जिसके तहत गुजरात में अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने वर्षीतप आराधना की शुरुआत की है।

मई माह में गुजरात जैन कॉन्फ्रेंस की शपथ विधि समारोह राजभवन, अहमदाबाद में आयोजित किया गया। वहीं जून माह में कोशीथल में गुरुणी पू. श्री प्रेमवती जी म.सा. के रजत पुण्योत्सव पर गुजरात जैन कॉन्फ्रेंस के आव्हान पर कई सदस्यों ने नमन यात्रा एवं पुण्योत्सव पर उपस्थिति रही। गुजरात प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी की मीटिंग अंकलेश्वर में प्रांतीय महामंत्री श्री विनोदजी धोका जैन के निवास गृह में आयोजित की गई, जिसमें कार्यकारिणी सदस्य का प्रतिभाव अच्छा रहा एवं एजेण्डे के अनुसार सभा का संचालन हुआ। सभी सदस्यों का आपसी परिचय एवं सुझाव, समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। उसी दिन शाम को गुजरात युवा कॉन्फ्रेंस की मीटिंग अवध संगरीला पर रखी गई। जहां पर आचार्य भगवंतों का शुभ आशीर्वाद वचन, दर्शन, प्रवचन का लाभ मिला। इसमें प्रांतीय कार्यकारिणी के शीर्ष पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

जुलाई माह में आपकी जैन कॉन्फ्रेंस, आपके द्वार के तहत प्रांतीय अध्यक्ष श्री सम्पतजी खाब्या जैन, चेयरमैन श्री लक्ष्मीलाल जी नाहर, प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद जी धोका जैन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री लोकेश जी मादरेचा ने उत्तर गुजरात के श्रीसंघों का दौरा किया। सर्वप्रथम अम्बाजी, खेड़ब्रह्मा, ईडर, हिम्मतनगर एवं जिपुर के श्रीसंघों की मुलाकात ली गई। सभी संघों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श हुआ एवं वहां पर विराजित चारित्र आत्माओं के दर्शन, वाणी श्रवण का लाभ प्राप्त हुआ। साथ ही नए सदस्यता अभियान के तहत २०० फार्म वितरित किए गए जो नए सदस्यों के भरकर स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

अगस्त माह में गुरु दर्शन यात्रा अंकलेश्वर में आगम मर्मज्ञा श्री चेतना जी म.सा. आदि ठाणा, कामरेज में उप-प्रवर्तक पू. श्री विनयमुनिजी म.सा., पू. श्री गौतममुनिजी म.सा., शांति भवन सूरत में महासाध्वी पू. श्री अर्चना जी म.सा. 'मीरा', पू. श्री अनंताश्री जी म.सा., पू. श्री सुरभिश्री जी म.सा., वेशु में प्रवर्तक पू. श्री राजेन्द्रमुनिजी म.सा., पू. श्री सुरेन्द्रमुनिजी म.सा. के दर्शन, प्रवचन श्रवण एवं श्रमण संघ के एकीकरण पर चर्चा आदि की गई। श्री जयंतिलालजी कूकड़ा जैन की धर्म सहायिका श्रीमती सरिताजी कूकड़ा जैन के सिद्धि तप की अनुमोदना उनके निवास स्थान पर आयंबिल तपोनिधि महासती पू. श्री प्रफुल्ला जी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में की गई। पाण्डेसरा में परम विदुषी पू. श्री उमरावकंवर जी म.सा. दिव्य ज्योति पू. डॉ. श्री प्रीतिसुधा जी म.सा., तपज्योति पू. श्री संयमसुधा जी म.सा. के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सितम्बर माह में श्रमण संघीय महामंत्री पू. श्री सौभाग्यमुनिजी म.सा. की पुण्य स्मृति दिवस पर संपूर्ण गुजरात में अन्नदान, मानव सेवा, जीवदया एवं सामायिक करने का आव्हान किया गया। अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल में 300 से अधिक जरुरतमंदों के परिवारजनों को निःशुल्क भोजन कराया गया। पोस्ट ऑफिस की सुकन्या बचत योजना के तहत 100 बालिकाओं के बचत बैंक अकाउंट में 250 रुपये जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा भकर खाता खुलवाया।

गुजरात प्रांतीय श्रमण संघीय श्रीसंघ संवाद संगोष्ठी एवं द्वितीय कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन सूरत वेशु श्री गुरु पुष्कर भवन पर श्रमण संघीय पूज्य गुरुदेव श्री राजेन्द्रमुनिजी म.सा., साहित्य दिवाकर पू. गुरुदेव श्री राजेन्द्रमुनि जी म.सा., विदुषी महासाध्वी श्री सुलक्षणा जी म.सा., मधुर व्याख्यानी महासाध्वी पू. श्री प्रज्ञाश्री जी म.सा. के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 175 से अधिक श्रावकों की उपस्थिति रही। प्रमुख वक्ता के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अमितराय जी जैन की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि देश के सभी श्रीसंघों की जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों के साथ संवाद होना चाहिये। अपने वक्तव्य में बताया कि श्रमण संघ के श्रावकों को दूसरी सम्प्रदाय के साधु-संतों के सामने अपनी क्रियाएं कमजोर न होने दे। अपनी निष्ठा सबके प्रति है पर अपने आचार्यों संतों के फोटो हटाना गलत है। **प्रेषक : सरिता कूकड़ा जैन**

जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश द्वारा साधु-साध्वी विहार प्रवास सेवार्थियों के अभिनन्दन का अनुमोदनीय कार्य

दिल्ली : जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जैन की अगवानी में दिल्ली प्रदेश शाखा निरन्तर समाजसेवियों के अनुपम सेवा कार्यों का जहाँ अभिनन्दन कर रही है वहीं इनके द्वारा किए जा रहे इस तरह के अनुमोदनीय कार्यों को समाजजनों की ओर से भरपूर सकारात्मक प्रतिक्रिया भी प्राप्त हो रही है।

इसी क्रम में दिल्ली से फरीदाबाद के बाद अब दिल्ली से रोहतक जैन समाज के साधु-साध्वियों को लम्बे विहार अथवा विहार मार्ग में जैन स्थानक न होने की स्थिति में उनके लिए अस्थायी प्रवास की सुविधाओं व सेवाओं का समर्पित भावों से प्रबन्ध करने वाले परिवारों का उनके निवास स्थान पर जाकर अभिनन्दन किया गया।

इस दौरान पूज्य गुरुदेव श्री अनुपममुनि जी महाराज सहाब आदि ठाणे का रोहतक के रास्ते में विहार करते हुए मंगल दर्शनों का सुखद संयोग प्राप्त हुआ। ऐसे परिवारों में सुन्दर लाल जैन (पुरखास वाले) (सेक्टर-1, रोहतक), रमेश दहिया (खरावड़ गाँव) (रोहतक), राजपाल लखेरा (ईस्माइला गाँव), राजन लखेरा (सांपला), डॉ. सुशील कुमार जैन (सांपला), नरेंद्र रूहील (रोहद गाँव), के परिवार शामिल है, जिनका अभिनन्दन करके जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश ने पूज्यवृन्द की सेवा करने वालों का अभिनन्दन करते हुए पुण्य का उपार्जन किया तथा एक प्रेरणात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

साधु-साध्वी विहार प्रवास सेवार्थी परिवारों का अभिनन्दन करने हेतु जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जैन जी जैन, महिला समिति महामंत्री रूबी जैन जी, श्री पंकज जैन जी (अरिहंत नगर) एवं श्री चिराग जैन जी (उत्तम नगर), श्री बिट्टू जैन जी (उत्तम नगर) की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस आयोजन में रोहतक की टीम का सराहनीय समन्वय प्राप्त हुआ।

प्रेषक : जितेन्द्र जैन

गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरण किया गया

अहमदाबाद (गुजरात) : श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस प्रांतीय शाखा गुजरात द्वारा गुरु भगवन्तों की पुण्य तिथि एवम् जन्म जयंती पर दिनांक 13 दिसम्बर 25 शनिवार सुबह 10:30 बजे आयोजित पौष्टिक आहार वितरण सेवा कार्य के अन्तर्गत जरूरतमंद 51 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार किट वितरण किया गया।

माधुपुरा अर्बन हेल्थ सेंटर कैम्पस, बारडोलपुरा, अहमदाबाद पर आयोजित इस सम्पूर्ण सेवा कार्य के लाभार्थी श्रीमान शंभुलालजी, श्री अमितकुमारजी बड़ोला परिवार अहमदाबाद, रायपुर को खूब-खूब हार्दिक साधुवाद। आज के इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्री हंसमुखभाई अग्रवाल (गायनोलॉजिस्ट, फर्टिलिटी स्पेश्यलिस्ट, निदेशक रेशमबाई हॉस्पिटल) पधारे। विशेष अतिथि के रुप में पटेल खोड़ल धाम, अहमदाबाद के कन्वीनर एवं शहर भाजपा प्रमुख युवा नेता श्री जयेशभाई पटेल उपस्थित रहे। माधुपुरा अर्बन हेल्थ सेंटर के प्रमुख डॉक्टर की भी उपस्थिति रही।

समारोह की शुरुआत जैन कॉन्फ्रेंस गुजरात के ज्ञान प्रकाश योजना के अध्यक्ष श्री समरथलाल जी खाब्या जैन ने मंगलाचरण से की। जैन कॉन्फ्रेंस प्रांतीय शाखा अध्यक्ष श्री संपतजी खाब्या जैन ने स्वागत प्रवचन के साथ जैन कॉन्फ्रेंस का परिचय भी दिया।

उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार लेने से महिला और गर्भ के बच्चे, एक साथ दो को लाभ मिलता है।
डॉ. श्री हंसमुखभाई अग्रवाल ने इतनी बड़ी संख्या में पधारे समाज के भाई बहनों की उपस्थिति को सराहा एवं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरण सेवा कार्य को सराहा। श्री जयेश भाई पटेल ने भी समारोह के अनुरूप अपना उद्बोधन दिया। इस समारोह के संयोजक जैन कॉन्फ्रेंस गुजरात युवा शाखा के कार्यकारिणी सदस्य एवं YUVA UNSTOPABLE के वाइस प्रेसिडेंट श्री पवन जैन ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार देने से होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी।

भारत सरकार द्वारा महिलाओं को पौष्टिक आहार देने की जैन कॉन्फ्रेंस गुजरात द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में जैन कॉन्फ्रेंस प्रांतीय चेयरमैन श्री लक्ष्मीलालजी नाहर जैन ने आयी हुई गर्भवती महिलाओं, सभी अतिथियों और पधारे सभी महानुभावों एवं भाई-बहनों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। **प्रेषक : विनोद धोका**

आसावरा माता धार्मिक स्थल पर असहाय, लकवा पीड़ित एवं गरीबजनों को कंबलों का वितरण

भदेसर (मध्य प्रदेश) : उपखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध आसवरा माता धार्मिक स्थल पर मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए मानव सेवा योजना महिला शाखा, जैन कॉन्फ्रेंस एवं आसावरा माता जैन संघ के संयुक्त तत्वावधान में असहाय, कवा पीड़ित तथा गरीब परिवारों को सौ से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। आसवरा माता जैन समाज के अध्यक्ष श्री अरूणजी पटवा जैन ने बताया कि यह सेवा कार्यक्रम मानव सेवा योजना की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती प्रेमलताजी लोढ़ा जैन की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समाजसेवी प्रकाशजी भंडारी, ओमप्रकाशजी लोढ़ा, भंवरसिंह जी, सागर गेलड़ा, अनिलजी बाबेल जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद श्री हीरालालजी नवलखा जैन द्वारा किया गया। जैन कॉन्फ्रेंस द्वारा वर्षों से अनेक सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। उन्हीं में से एक कंबल वितरण योजना भी है, जो पिछले कई वर्षों से आसावरा माता धार्मिक स्थल पर निरंतर जारी है। **प्रेषक : प्रकाश भटेवरा जैन**

दुर्ग में तप अनुमोदना एवं सामायिक साधना

दुर्ग (छत्तीसगढ़) : जैन तप साधिका श्रीमती किरण देवी संचेती के 113 उपवास के सम्मान में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में साध्वी मुमुक्षाश्री जी म.सा., साध्वी श्रद्धाश्री जी म.सा., साध्वी कीर्तिश्री जी म.सा. के पावन सान्निध्य में तप अनुमोदना एवं एक सामायिक की साधना करने जैन समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र की स्तुति करते हुए उग्र तपस्वी श्रीमती किरण देवी संचेती की अनुमोदना की। श्रमण संघ महिला मंडल एवं समरथ महिला मंडल ने भक्ति गीतों से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आचार्य सम्राट् पू. डॉ. श्री शिवमुनि जी म.सा. का मंगल संदेश भी प्राप्त हुआ। युवाचार्यश्रीजी ने मुंबई से मंगल संदेश भेजा, जिसमें श्रीमती किरण देवी संचेती को तप रत्नेश्वरी की उपाधि से अलंकृत किया, जिसे उपस्थित जन समुदाय ने हर्ष-हर्ष जय-जय के साथ स्वागत किया। सभा का संचालन टीकम छाजेड़ एवं राकेश जी संचेती ने किया।

प्रेषक : नवीन संचेती जैन

तप त्याग के साथ मनाया गया तीर्थंकर प्रभु पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक

चेन्नई (तमिलनाडु) : श्री एस.एस. जैन संघ के तत्वावधान व परम विदुषी दक्षिण ज्योति साध्वी पू. धर्मप्रभाजी म. सा. परम सेवाभावी मधुर व्याख्यानी साध्वी स्नेहप्रभाजी म.सा. के पावन सान्निध्य में 23वें तीर्थंकर पुरुषादानी चिंतामणि भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक तप त्याग, नवकारसी-पोरसी, 2-2 सामायिक साधना के साथ बर्किट रोड़ स्थित जैन स्थानक में मनाया गया। रविवारीय कार्यक्रम के तहत प्रातः 7:30 बजे से 8 बजे तक सामूहिक सामायिक आराधना के साथ सामूहिक प्रार्थना का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महासतीजी पू. श्री धर्मप्रभाजी म.सा. द्वारा मंगलाचरण से हुआ।

महासाध्वी पू. श्री स्नेहप्रभाजी म.सा. ने भगवान पार्श्वनाथ के पूर्व के सभी 10 भवों का रोमांचक वर्णन प्रातःकालीन धर्मसभा के सामने रखा और बताया किस तरह जीव के परस्पर वैर विरोध के कारण जीव को अनन्त काल तक भटकना

पड़ता हैं। तदनन्तर महासतीजी कोकिल कंठी पू. श्री धर्मप्रभाजी म.सा. ने प्रभु पार्श्वनाथ भगवान के व्यक्तित्व-कृतित्व व संयम जीवन के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन धर्म सभा के सामने रखा। माम्बलम संघ द्वारा वर्षो से सुव्यवस्थित रूप से संचालित वैयावच्च व्यवस्था, भगवान महावीर स्वाध्याय पीठ, मानव सेवा, साधर्मिक सेवा, अन्नदानं कार्यक्रम आदि योजनाओं की तहेदिल से प्रशंसा-अनुमोदना की। इस प्रसंग पर कई श्रावक-श्राविकाओं ने एकासन बियासन आयंबिल उपवास दो उपवास के प्रत्याख्यान महासतीजी के मुखारविंद से ग्रहण किये। वर्द्धमान संस्कार वाटिका धार्मिक पाठशाला के बालक बालिकाओं ने भी सामायिक उपकरण सहित अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके में चेन्नई महानगर के वडपलनी-कोडमबाक्कम सैदापेट वेलाचेरी विरुगंबाक्कम के.के. नगर अलवारपेट आलंदूर साहूकार पेट आदि कई उपनगरों श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति रही।

प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक प्रसंग पर भगवान महावीर सेवा समिति महिला विंग की तरफ से अन्नदानं का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संघ अध्यक्ष डॉ. एम. उत्तमचन्द गोठी ने धर्मसभा के संचालन के साथ महासतीजी एवं आगंतुक दर्शनार्थियों का आभार प्रकट किया। संघ मंत्री श्री महेंद्र जी गादिया जैन ने बताया कि महासतीजी का टी.नगर स्थानक व मरूधर केसरी वैय्यावच्च सेंटर में आंखों के सफल ऑप्रेशन व लगभग 40 दिवसीय स्वास्थ्य लाभ के पश्चात 15 दिसंबर सोमवार को सूर्योदय के पश्चात मंगल विहार कर बाजार रोड़ सैदापेट पधारने की संभावना हैं। **प्रेषक : उत्तमचंद घोटी**

महासती पू. श्री कुमुदलता जी म. आदि ठाणा का आगामी चातुर्मास इन्दौर में

इन्दौर (मध्य प्रदेश) : पौष दशम प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक के पावन दिवस पर मालपुरा दादाबाड़ी की पुण्यधरा पर परम पूज्य गुरुदेव जैन दिवाकर श्री चौथमल जी म. की परंपरा का दिव्य निर्वहन करने वाली मालव सिंहनी महासती पू. श्री कमलावती जी म. की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका पू. डॉ. कुमुदलता जी म. आदि ठाणा के श्री चरणों में इंदौर महावीर भवन का श्रावक संघ जैन कॉन्फ्रेंस के विश्वस्त मण्डल के चेयरमैन श्री रमेशजी भण्डारी जेन, राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक श्री डिपिन नेमनाथ जी जैन, मानव सेवा योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाशजी भटेवरा जैन, राष्ट्रीय मंत्री श्री जिनेश्वर जी जैन के साथ श्री राजकुमार जी जैन, श्री अशोक जी मंडलिक जैन, श्री सुभाषा जी विनायक्या जेन, श्री समरथमल जी जैन, श्री नरेन्द्रजी मेहता जैन, मध्य प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष श्री हुलास जी बेताला जैन, श्री संकेत जी जैन जैन, श्री राजेश जी सुराना जैन, श्री राकेश जी कोठारी जैन एवं श्रीमती रेणु जी जैन आदि आगामी संकल्पमय वर्षावास 2026 की विनंती लेकर उपस्थित हुआ।

श्रमण संघीय आचार्य सम्राट् पूज्य डॉ. श्री शिवमुनि जी म.सा. उपाध्याय पू. श्री गौतममुनि जी म.सा. 'प्रथम', प्रवर्तक पू. श्री विजयमुनि जी म.सा., प्रवर्तिनी महासती पू. श्री चंदना जी म.सा. की आज्ञा प्राप्त कर चातुर्मासिक आगारो सहित श्री वर्द्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन, इमली बाजार, इन्दौर संघ को प्रदान करने की घोषणा की, जिससे समग्र इंदौर नगर में हर्ष की लहर व्याप्त है। **प्रेषक : जिनेश्वर जैन**

शोक समाचार

बखतगढ़ (मध्य प्रदेश) : वरिष्ठ श्राविका श्रीमती ताराबाई जी ओरा जैन का 85 वर्ष की उम्र में गुरुवार, दिनांक 4 दिसम्बर 2025 को निधन हो गया। स्थानीय श्रीसंघ की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पाँच नवकार महामंत्र का ध्यान करवाया गया। **प्रेषक : दिलीप दर्डा जैन**

दिवंगत आत्मा के प्रति जैन कॉन्फ्रेंस परिवार की विनम्र श्रद्धांजलि

दिल्ली में गुरु गुणगान समारोह में प्रवर्तक पू. श्री सुभद्रमुनि जी म.सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में पुस्तक का विमोचन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल जी जैन, ज्ञान प्रकाश योजना के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री सुरेश जी जैन, दिल्ली प्रांतीय अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जी जैन आदि गणमान्य।

चातुर्मास समापन उपरांत पंजाब के बालाचोर पहुंचे श्रमण संघीय सलाहकार पू. श्री दिनेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा साथ में विहार सेवक।

जिला सोनीपत की जेल में प्रवचन फरमाते हुए राष्ट्रसंत, प्रज्ञा महर्षि पू. श्री उपेन्द्र मुनि जी म.सा. आदि ठाणा।

दिल्ली में गुरु गुणगान समारोह के आयोजन अवसर पर जैन कोकिला पूज्या महासाध्वी श्री सुषमा जी म.सा. की 50वीं दीक्षा जयंती के अवसर पर आदर की चादर प्रदान करते हुए जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारीगण।

जैन कॉन्फ्रेंस गुजरात प्रांतीय शखा द्वारा गुरु भगवंतों की पुण्य तिथि एवं जन्म जयंति के अवसर पर पौष्टिक आहार वितरण सेवा कार्य के अंतर्गत 51 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार कीट प्रदान करते हुए गुजरात प्रांतीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम।

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सिविल लाइन लुधियाना में आयोजित आत्म-ध्यान शिविर में पू. श्री किरण जी म.सा. आदि ठाणा के सान्निध्य में 200 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें राष्ट्रीय महिला महामंत्री श्रीमती रीवा जी जैन द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

अरिहंत नगर, दिल्ली में आयोजित आत्म-ध्यान शिविर के अवसर पर राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री विपुल जी जैन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष जी जैन, दिल्ली प्रांतीय महिला अध्यक्षा श्रीमती सीमा जी जैन, प्रांतीय महिला महामंत्री श्रीमती कनिका जी जैन आदि गणमान्य महानुभाव।

RNI NO.- 2123/1957

दिसम्बर 2025

Date of Publication : 23-24/12/2025

जैन भवन स्थित श्री जैन स्थानक के जीर्णोद्धार उपरांत लोकार्पण एवं नवकार महामंत्र जाप समारोह के अवसर पर उपस्थित लाभार्थी परिवार तथा जैन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारीगण।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस

प्रधान कार्यालय : जैन भवन, 12, शहीद भगत सिंह मार्ग, गोल मार्केट, नई दिल्ली-110001

अतुल जैन — राष्ट्रीय अध्यक्ष

डॉ. अमितराय जैन — राष्ट्रीय महामंत्री

विनय कुमार जैन — राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस (रजि.) के लिए सम्पादक, मुद्रक एवं प्रकाशक अतुल जैन द्वारा

जय भारत प्रिंटिंग प्रेस, 1526 बेस्ट रोहताश नगर, शाहदरा, नई दिल्ली से मुद्रित एवं जैन भवन, 12, शहीद भगत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित